दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 137 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। रविवार, 22 मार्च 2026 । चैत्र, शुक्ल पक्ष चतुर्थी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## ईद की नमाज अदा





# राजस्थान-ईद पर इजराइल-अमेरिका मुर्दाबाद के नारे

## मस्जिदों में काले झंडे : नमाजी बोले- हम मातम मना रहे, हिंदुओं ने बरसाए फूल, जन्नती दरवाजा खुला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ईद उल फितर (ईद) के मौके पर जयपुर के आमेर में शिया और सुन्नी मुस्लिम समाज की महिलाएं-बच्चे सड़क पर उतरे। उन्होंने रैली निकालकर अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए।

ईरान पर हो रहे हमले का विरोध जयपुर, सीकर, अजमेर सहित राजस्थान के कई जिलों में देखने को मिला। शनिवार को काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज अदा की गई। मस्जिदों पर काले झंडे लगाए गए। इस दौरान अमेरिका-इजराइल के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।

जयपुर में सुभाष चौक पर शिया समुदाय के लोगों ने इजराइल और अमेरिका के खिलाफ मुर्दाबाद लिखी तख्तियां लेकर विरोध जताया।

अजमेर स्थित दौराई के इमाम-ए-जुमा मौलाना सैय्यद तकी जाफर ने कहा- ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत के कारण समाज शोक मना रहा है।

इस साल किसी भी प्रकार की खुशी नहीं मनाई जाएगी। नए कपड़े पहनना, मिठाई या विशेष पकवान बनाना जैसी परंपराएं नहीं निभाई जाएंगी। यह हमारे लिए मातम का वक्त है।

उधर, ईद उल फितर (ईद) पर शनिवार को अमन चैन की दुआ मांगी गई। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। हिंदुओं ने नमाजियों पर फूल बरसाए।

अजमेर के विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में जन्नती दरवाजा आधे दिन के लिए खोला गया।

### हर साल ईद पर नमाजियों पर फूल बरसाए जाते हैं

जयपुर में हिंदू मुस्लिम सामाजिक एकता समिति के सदस्य जसवंत सिंह ने बताया- देश में भाईचारे और गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखने के लिए हर बार ईद पर पुष्पवर्षा की जाती है। हिंदू त्योहारों पर भी समिति के मुस्लिम सदस्य हिंदुओं पर फूल बरसाते हैं।

### डोटासरा ने मुंह मीठा कराया, ईद की मुबारकबाद दी



पीसीसी चीफ और लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा पार्टी पदाधिकारियों के साथ ईदगाह पहुंचे। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की बधाई दी। प्रदेश में शांति, सौहार्द्र तथा विकास की कामना की। उनके साथ आए अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी लोगों से मुलाकात कर मुबारकबाद दी और मुंह मीठा कराया।

### जयपुर में शिया समुदाय ने प्रदर्शन किया

जयपुर में शिया समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज के बाद बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का खात्मा नहीं होता, तब तक हम कोई भी त्योहार नहीं मनाएंगे।

#### जयपुर के आमेर में नारेबाजी, महिलाएं-बच्चे सड़क पर उतरे

जयपुर के आमेर में शिया और सुन्नी समाज की महिलाओं ने ईरान पर हुए हमले और ईरान के सुप्रीम लीडर सहित बच्चों की मौत के विरोध में पैदल मार्च निकाला।

महिलाओं ने कहा कि हमारे धर्मगुरु को धोखे से मारा गया और हमारी ईद की खुशियों को मातम में बदल दिया गया। प्रदर्शन में महिलाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चे तिरंगा लेकर शामिल हुए। आमेर किले के सामने इकट्ठे होकर जमकर नारेबाजी की।

#### जयपुर में अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए, रैली निकाली

ईद के मौके पर जयपुर के आमेर में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए मुस्लिम समुदाय ने अमेरिका-इजराइल के खिलाफ रैली निकाली। मुर्दाबाद के नारे लगाए।

#### कड़ी सुरक्षा के बीच जोधपुर में ईद की नमाज अदा की गई

जोधपुर के जोलारी गेट स्थित ईदगाह पर आज सुबह नमाज अदा की गई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।



### जयपुर में नमाजियों पर फूल बरसाए

जयपुर के दिल्ली रोड स्थित ईदगाह पर नमाज के दौरान हिंदू मुस्लिम सामाजिक एकता समिति ने नमाजियों पर फूल बरसाए। संगठन से जुड़े लोगों ने बताया कि हर बार ईद पर वे यहां फूल बरसाने आते हैं।

#### देश-दुनिया में सुख-शांति और खुशहाली की दुआ मांगी

उदयपुर के चेतक सर्किल स्थित पलटन मस्जिद में सुबह नमाज अदा की गई। इस दौरान देश-दुनिया में सुख-शांति और खुशहाली की दुआ मांगी गई।

#### जयपुर में मुस्लिम समुदाय बोला- ईद पर मोहर्रम जैसा मातम है

शिया समाज के लोगों ने जयपुर के सुभाष चौक पर ईद के मौके पर नारेबाजी की। इजराइल और अमेरिका के खिलाफ विरोध जताया। लोगों ने कहा कि ईद के मौके पर मोहर्रम जैसा मातम है।

#### जयपुर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, ड्रोन से निगरानी

जयपुर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ईदगाह, चौक जामा मस्जिद, चक शिया जामा मस्जिद समेत सभी प्रमुख मस्जिदों के आसपास पुलिस और आरएएफ के जवानों को तैनात किया गया था। पुलिस टीमों ने ड्रोन से निगरानी की। शनिवार को भी कई जगहों पर फ्लैग मार्च निकाला गया।

#### जयपुर में इजराइल-अमेरिका मुर्दाबाद लिखीं तख्तियां लेकर विरोध जताया

जयपुर में सुभाष चौक पर शिया समुदाय के लोगों ने इजराइल और अमेरिका के खिलाफ मुर्दाबाद लिखी तख्तियां लेकर विरोध जताया।

### अजमेर में इमाम ने कहा- यह हमारे लिए शोक का समय है

अजमेर के दौराई क्षेत्र के शिया समुदाय ने ईद सादगी के साथ मनाई। दौराई के इमाम-ए-जुमा मौलाना सैय्यद तकी जाफर ने कहा-ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत के कारण समाज ने शोक स्वरूप यह निर्णय लिया है। लोगों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। मौलाना ने कहा कि इस साल किसी भी प्रकार की खुशी नहीं मनाई जाएगी। नए कपड़े पहनना, मिठाई या विशेष पकवान बनाना जैसी परंपराएं नहीं निभाई जाएंगी। यह हमारे लिए शोक का समय है। ईरान के साथ हमारे धार्मिक और भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए हमने यह निर्णय लिया है।

#### इमाम बोले- भाईचारे में ही मुल्क की तरक्की

भरतपुर के कुम्हेर गेट स्थित ईदगाह पर ईद की नमाज अदा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से कुम्हेर गेट इलाके में जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहे। इमाम मोहम्मद आबिद ने बताया कि हमारे पास देश के लिए मोहब्बत का तोहफा है। देश के लोग आपस में भाईचारे के साथ रहे। इसी में मुल्क की तरक्की है। अगर हम एक-दूसरे के साथ नफरत के साथ रहते हैं। यह सभी के लिए नुकसानदेह है।

इमाम ने कहा- रमजान के महीने में अल्लाह की इबादत करके गलतियों की माफी मांगी जाती है।

# गणगौर माता ने पहनी 2 करोड़ की ज्वेलरी : उदयपुर में नाव पर निकली सवारी, अलवर में दिया गार्ड ऑफ ऑनर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर, जोधपुर, उदयपुर समेत कई जिलों में शाही लवाजमे के साथ गणगौर की सवारी निकाली गई। जयपुर में त्रिपोलिया गेट पर गणगौर माता की आरती उतारी गई। इस बार पूर्व राजपरिवार के पुरोहित ने आरती की ।

जयपुर में प्रदेशभर से आए करीब 210 लोक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कलाकारों ने कच्छी घोड़ी, गेर, कालबेलिया, चरी, घूमर नृत्य किया। गणगौर माता की सवारी पर ड्रोन से पुष्पवर्षा की गई।

जोधपुर में गणगौर पर गवर माता (मां पार्वती) को करीब 2 करोड़ की ज्वेलरी धारण करवाकर सवारी निकाली गई। शोभायात्रा राखी हाउस से निकली। मिर्ची बाजार, पूंगलपाड़ा और कबूतरों के चौक होते हुए जालोरी गेट पुष्टिकर स्कूल, खांडा फलसा, आडा बाजार, कुमारियां कुआं, सराफा बाजार और सिटी पुलिस होते हुए ऐतिहासिक घंटाघर पहुंचकर संपन्न हुई।

अलवर में रियासतकालीन गणगौर की सवारी निकाली गई। माता को पालकी में विराजमान कर मंशा मार्ग होते सागर तक ले जाया गया। सवारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उदयपुर के जगदीश चौक पर अलग-अलग समाज की महिलाएं गणगौर लेकर पहुंची। शाही गणगौर अपने लवाजमे के साथ बंशीघाट से रवाना होकर पिछोला झील में गणगौर घाट के पास पहुंचीं। यहां पर कलाकारों ने नाव में ही नृत्य किया। इसके बाद गणगौरों को कसूंबा (जल अर्पण) हुआ। शाही गणगौर नाव भी झील में मौजूद रही। इससे पहले पहले शुक्रवार को दातन हेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण भूत की डरावनी झांकी रही।







## पीडब्ल्यूडी का सड़क कट मरम्मत के लिए विशेष अभियान आरम्भ



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर**। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार धौलपुर जिले के शहरी एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में सड़क कट (रोड कट) की मरम्मत हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा विशेष गहन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों तथा व्यस्त यातायात वाले स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य कराए गए, जिससे आमजन को काफी राहत मिली है। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मधुसूदन राव ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न विभागों—जैसे जलदाय, विद्युत, दूरसंचार आदि—द्वारा पूर्व में की गई सड़क कटिंग के कारण कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। इन स्थानों पर गड्ढे बनने से न केवल यातायात बाधित हो रहा था, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। अभियान के अंतर्गत ऐसे सभी चिन्हित स्थानों पर त्वरित मरम्मत कार्य कर सड़क को समतल एवं सुरक्षित बनाया गया। उन्होंने बताया कि धौलपुर शहर के प्रमुख मार्गों सहित, मुख्य बाजारों एवं कॉलोनियों में सड़क कट मरम्मत को प्राथमिकता दी गई। कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बार-बार समस्या उत्पन्न न हो। अभियान के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया गया तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की सड़क कटिंग के बाद निर्धारित समयसीमा में मरम्मत कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

## द के मौके पर शिया समाज का विरोध प्रदर्शन,खोमनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी**। शहर की कोट पाड़ा स्थित बड़ा इमामबाड़ा पर शनिवार को शिया समुदाय द्वारा ईद उल फितर के मौके पर खाड़ी में चल रहे ईरान और इजरायल,अमेरिका युद्ध में शहीद हुए ईरान के मुखिया और शिया समुदाय के धर्मगुरु अयातुल्लाह सैयद अली खोमनेई की शहादत को याद किया गया। इस दौरान सभी युवाओं ने काली पट्टी बांधकर अमेरिका इजराइल का कड़ा विरोध किया साथ में सामूहिक रूप से खोमनेई को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बड़ा इमामबाड़ा से एक जुलूस का भी आयोजन किया गया। जो शिया मस्जिद पर जाकर संपन्न हुआ। जुलूस में शिया समाज के युवाओं के साथ अहले सुन्नत समाज के लोग भी मौजूद रहे। शिया मुस्लिम महासभा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट जाकिर रिजवी ने बताया की खाड़ी में पिछले 22 दिन से अकेला ईरान दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका और इजरायल से बहादुरी के साथ लड़ रहा है। इस युद्ध मे अमेरिका ने धोखे से मिसाइल दाग कर ईरान के मुख्य नेता और शिया समाज के धर्मगुरु आयतुल्लाह सैयद अली खोमनेई को परिवार सहित शहीद कर दिया।

## राजस्थान टूरिज्म सम्मान-2026 आज, 35 से अधिक श्रेणियों में मिलेगा सम्मान

बढ़ता राजसथान

**उदयपुर**। झीलों की नगरी उदयपुर आज पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी जगत के एक भव्य और प्रतिष्ठित आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित राजस्थान



टूरिज्म सम्मान-2026 प्रेजेंटेशन सेरेमनी का आयोजन कल 21 मार्च को शाम 4 बजे उदयपुर मैरियट होटल में होगा। जहां देश-प्रदेश के दिग्गज होटल व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल प्रोफेशनल्स और हॉस्पिटैलिटी एक्सपर्ट्स एक मंच पर एकत्रित होंगे। पीएचडीसीसीआई उदयपुर संभाग संयोजक मुकेश माधवानी के अनुसार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजस्थान में सतत विकास, नवाचार और जिम्मेदार पर्यटन (रेस्पोंसिबल टूरिज्म) को बढ़ावा देना है, ताकि राज्य का पर्यटन उद्योग वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी बन सके। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजन की विशेषता इसका व्यापक दायरा है, जिसमें 35 से अधिक श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार कलनरी आर्ट्स और रेस्टोरेंट इंडस्ट्री से जुड़े पेशेवरों को भी विशेष रूप से शामिल किया गया है, जिससे पर्यटन के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को उचित पहचान मिल सके। पीएचडीसीसीआई राजस्थान के रेजिडेंट डायरेक्टर आर. के. गुप्ता ने विश्वास जताया कि यह सम्मान समारोह न केवल उत्कृष्ट कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन करेगा, बल्कि पर्यटन क्षेत्र में नई सोच और बेहतर सेवाओं की दिशा में सकारात्मक बदलाव भी लाएगा। कार्यक्रम में बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल (बीसीआई) हॉस्पिटैलिटी पार्टनर के रूप में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बीसीआई टूरिज्म अध्यक्ष डॉ. श्रद्धा गट्टानी ने बताया कि ऐसे आयोजन उद्योग से जुड़े विभिन्न हितधारकों के बीच संवाद और नेटवर्किंग के नए अवसर प्रदान करते हैं।

## डीपीएस उदयपुर के रेयांश जैन की मेथेमेटिक्स ओलम्पियाड में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर**। दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के कक्षा आठ के छात्र रेयांश जैन ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड द्वितीय स्तर में शानदार प्रदर्शन करते हुए



अंतरराष्ट्रीय रैंक 1 एवं जोनल रैंक 1 प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा 25,000 का नगद पुरस्कार, अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ। वहीं कक्षा पाँच के कयान चैधरी ने अंतरराष्ट्रीय रैंक 79 एवं जोनल रैंक 7 प्राप्त की। इस ओलंपियाड में विद्यालय के कुल 40 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्रो.वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे छात्र की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।

# तीन दिवसीय राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो राइटेक्स-2026 का भव्य शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर**। प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से झीलों की नगरी में तीन दिवसीय राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो-2026 राइटेक्स के द्वितीय संस्करण का 20 मार्च शुक्रवार को बीएन कॉलेज ग्राउंड में अतिथियों के हाथों भव्य शुभारंभ हुआ। यह एक्स्पो 22 मार्च तक चलेगा। प्रदर्शनी का समय प्रातः 11 बजे से शाम 8 बजे तक का रखा गया है जिसमें प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क रखा गया है।

पीएचडी चैंबर, उदयपुर संभाग के संयोजक एवं बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल (बीसीआई) के फाउंडर एंड चैयरमेन अध्यक्ष मुकेश माधवानी ने बताया कि शुभ्ज्ञारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथियों में नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय महाप्रबंधक (अहमदाबाद) विकास चंद्र नायक, जिला उद्योग केंद्र-उदयपुर, उद्योग, वाणिज्य एवं सीएसआर विभाग, राजस्थान सरकार के महाप्रबंधक शैलेन्द्र शर्मा और रीको, उदयपुर के अतिरिक्त महाप्रबंधक अजय पंड्या, गिरीश शर्मा (केसीसीआई के अध्यक्ष), यशवंत सिंघवी (एमएसएमई अध्यक्ष) प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

माधवानी ने बताया कि एक्सपो का शुभारंभ करने के बाद सभी अतिथियों ने हर स्टॉल पर जाकर उनसे परिचय किया एवं उनके प्रोडक्ट के बारे में जानकारी ली। उसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रदर्शनी में ग्रामीण क्षेत्र से आए उद्यमियों को जिन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं थी उन्हें सरकारी स्कीम्स के बारे में बताया और कहां किस तरह से सरकारी योजनाओं के साथ जुडकर अपने उत्पादों को बड़ा मार्केट दे सकते हैं।

राइटेक्स-2026 को उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार, रीको एवं मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई भारत सरकार का भी सपोर्ट प्राप्त हुआ है जिसके फलस्वरूप एक ओडीओपी पवेलियन लगाया गया है जिसमें उद्योग विभाग राजस्थान में पंजीकृत ओडीओपी इकाइयों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। एमएसएमई के सहयोग से पीएम विश्वकर्मा स्कीम के अंतर्गत एक पवेलियन लगाया गया है जिसमें 50 से अधिक इकाइयां भाग ले रही हैं। एक्सपो के आखरी दिन 22 मार्च 2026 को साय 4.30 बजे के सेमिनार का आयोजन किया जा रहे जिसमें राजस्थान ओडीओपी पालिसी-2024, राजस्थान एमएसएमई पालिसी-2024 एवं मुख्यमंत्री विश्वकर्मा युवा उद्यमी योजना 2025 के बारे में चर्चा होगी एवं जानकारी दी जायेगी।

एक्सपो देश के विभिन्न क्षेत्रों जिनमें राजस्थान के जयपुर,पाली, बीकानेर सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये उद्यमियों एवं व्यापारियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस एक्सपो में 90 से ज्यादा इंस्टॉल लगी है।

इस दौरान आयोजित समारोह में स्वागत उद्बोधन देते हुए पीएचडी चैंबर के क्षेत्रीय निदेशक आर.के. गुप्ता ने उदयपुर के सबसे बड़े राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो-2026 राइटेक्स के सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह किसी एक अकेले व्यक्ति से नहीं बल्कि सभी सहयोग का परिणाम है कि आज हमने इसका दूसरा चरण प्रारम्भ किया है। यह एक्सपो राजस्थान के औद्योगिक परिदृश्य में निवेश और तकनीक के नए द्वार खोलने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## भाईचारे और उल्लास के साथ मनी ईद-उल-फितर

बढ़ता राजस्थान



**पावटा** । कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का पर्व शनिवार को पूरे हर्षोल्लास, आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया गया। रमजान के पाक महीने के समापन के बाद शव्वाल की पहली तारीख को मनाई जाने वाली इस "मीठी ईद" पर मुस्लिम समाज में विशेष उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार रात चांद दिखाई देने के साथ ही मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी, वहीं शनिवार सुबह से ही नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रागपुरा कस्बे के मुख्य बाजार स्थित शाही जामा मस्जिद में सदर आमीन मंसूरी व शाही इमाम हाफिज मजरूल इस्लाम बरकाती के नेतृत्व में ईद की विशेष नमाज अदा की गई। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 48 के पास गोसिया मस्जिद और राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक के पास फकीरों की कॉलोनी बिस्मिल्लाह मस्जिद में भी नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुस्लिम बंधुओं ने देश में अमन, चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी। इसके पश्चात लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी और घर-घर में सेवइयां व मिठाइयों का आदान-प्रदान हुआ। इस अवसर पर प्रागपुरा वक्फ बोर्ड कमेटी के सदर आमीन मंसूरी ने कहा कि "ईद-उल-फितर आपसी प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देने वाला त्योहार है। हमें इस पावन अवसर पर समाज में एकता, सद्भाव और सहयोग की भावना को और मजबूत करना चाहिए।" उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए समाज में शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं पावटा कस्बे में भी शाही जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कर देश की खुशहाली की कामना की।

## नवदुर्गा महोत्सव प्रतिदिन प्रथम दिन हुई भजन संध्या

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी**। शहर में नगर पालिका द्वारा चैत्रीय नवरात्र में नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिन शुक्रवार की रात मेला मंच पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। बाहर से आए कलाकारों ने ऐसी प्रस्तुति दी की सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। भजन संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोतवाली थाने के थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा रहे। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी उत्तमचंद बंसल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान दिल्ली से आई कलाकार राखी नागर और बैजू सनम ने भजन और गीतों की प्रस्तुति दी। मंच का संचालन बाबूलाल कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया। नगर पालिका ईओ उत्तमचंद बंसल ने बताया कि 20 मार्च से शुरू हुआ नवदुर्गा महोत्सव 28 मार्च तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन मेला रंग मंच पर सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।माता रानी का मंदिर भी हुआ जगमग,रात्रि में होंगे कार्यक्रम :- चैत्रीय नवरात्र के प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा के साथ शहर की आस्था के केंद्र माता राजराजेश्वरी के मंदिर को भी जगमग रोशनी से सजाया गया है। यहां जगदंबा कीर्तन मंडल द्वारा पांचवी से प्रतिदिन रात्रि को कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## विश्व गोरैया दिवस पर राजसमंद में अनूठी पहल, 21 हजार घरौंदे और परिंदे बांटे



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद**। विश्व गोरैया दिवस के अवसर पर जिले के खमनोर ब्लॉक स्थित भोपा की भागल गाँव के राजकीय विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जनसहयोग से करीब 21 हजार पक्षियों के घरौंदे (नेस्ट बॉक्स) और परिंदे (जल पात्र) निशुल्क वितरित किए गए।कार्यक्रम की खास बात यह रही कि विद्यालय परिसर में "गोरैया गांव" विकसित किया गया है, जहां गौरैया सहित अन्य पक्षियों के सुरक्षित रहने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पक्षियों के लिए बनाए गए छोटे-छोटे "पक्षी मोहल्ले" आकर्षण का केंद्र रहे।इस पहल की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल गुर्जर के प्रयासों से हुई, जिनके साथ स्कूल स्टाफ और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में राजस्थान सहित देशभर के पर्यावरण प्रेमियों और पक्षी विशेषज्ञों ने भाग लेकर गौरैया संरक्षण का संदेश दिया।विद्यालय का वातावरण किसी प्राकृतिक नर्सरी से कम नहीं दिखा। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में तोता, मोर, कबूतर और गौरैया जैसे पक्षियों का जमावड़ा रहता है। खास बात यह भी सामने आई कि इस सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आदिवासी बच्चे न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं, बल्कि अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

## प्रागपुरा में शाही लवाजमे के साथ निकली गणगौर की भव्य सवारी, दूर-दराज से उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान



**पावटा** । कस्बा प्रागपुरा सहित आसपास के क्षेत्र में शनिवार को गणगौर का पावन पर्व परंपरागत रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। विशेष रूप से प्रागपुरा कस्बा गणगौर महोत्सव का प्रमुख केंद्र बना रहा, जहां वर्षों से निकल रही शाही सवारी और विशाल मेले ने एक बार फिर हजारों श्रद्धालुओं और दर्शकों को आकर्षित किया। प्रागपुरा कस्बे में ठाकुरों की कोलड़ियों स्थित राजधानी चौक से सांयकाल गणगौर माता व ईशर (भगवान शिव-पार्वती) की शाही सवारी गाजे-बाजे और पारंपरिक लवाजमे के साथ निकाली गई। सवारी कस्बे के मुख्य बाजार एवं प्रमुख मार्गों से होते हुए गूगाजी मंदिर तक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने सवारी का स्वागत किया और श्रद्धा के साथ दर्शन किए। गणगौर की सवारी को देखने के लिए आसपास ही नहीं, बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग प्रागपुरा पहुंचे, जिससे पूरे कस्बे में मेले जैसा माहौल बन गया। वर्षों पुरानी इस परंपरा ने क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखा है नवविवाहिताओं और युवतियों ने सोलह श्रृंगार कर गणगौर माता व ईशर की विधिवत पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने कुमकुम, मेहंदी व काजल से प्रतिमाओं का श्रृंगार कर "गौर-गौर गोमती, ईसर पूजे पार्वती" जैसे पारंपरिक गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जल, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु की कामना की गई। उल्लेखनीय है कि गणगौर पर्व से पूर्व 16 दिनों तक महिलाओं द्वारा नियमित पूजा-अर्चना की जाती है, जिसका समापन इस भव्य सवारी के साथ होता है। इसी प्रकार पावटा कस्बे में भी गणगौर का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। ठाकुरों की कोटड़ी से ईशर-गणगौर की सवारी गाजे-बाजे के साथ निकली, जिसका घंटाघर चौक पर स्वागत किया गया और होली चौक पर विसर्जन किया गया। वहीं कोटपूतली, राजनौता, नारेहड़ा, पाथरेड़ी, आंतेला और बड़नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणगौर की सवारियां धूमधाम से निकाली गईं। घर-घर में हलवा-पूरी, खीर बनाकर गणगौर माता को भोग लगाया गया और महिलाओं ने पारंपरिक रीति से 'उज्वन' कर पर्व का समापन किया। गणगौर महोत्सव ने एक बार फिर क्षेत्र में सांस्कृतिक एकता, आस्था और लोक परंपराओं की झलक प्रस्तुत करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### ख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने राजसमंद के गुंजोल में लिया ग्राम सभा में भाग

## सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा सहित हर क्षेत्र पर आमजन दे अपने सुझाव, तब ही सफल मास्टर प्लान संभव : मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद**। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को पंचायत समिति खमनोर की ग्राम पंचायत गुंजोल में मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान के अंतर्गत आयोजित ग्राम सभा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की तथा अभियान के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य सचिव श्री श्रीनिवास ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि ग्रामीण स्वयं अपने गाँव के विकास का खाका तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गाँव के लोग मिलकर यह तय करें कि आगामी वर्षों में उनके गाँव का मास्टर प्लान क्या होगा और किन-किन विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 19 मार्च से 15 मई तक मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान संचालित किया जा रहा है, जो जन-केंद्रित




योजना, समावेशिता, समयबद्ध प्राथमिकता, एवं संरचनात्मक एकीकरण जैसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर आधारित है।मुख्य सचिव ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय स्तर की आकांक्षाओं को विकसित राजस्थान के संकल्प से जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत करें, जिससे एक सशक्त और व्यवहारिक ग्राम विकास योजना तैयार की जा सके।मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान का संपर्क पोर्टल 181 देश में उत्कृष्ट जनसुनवाई प्रणाली के रूप में स्थापित हुआ है, जहां आमजन की शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल सरकार और जनता के बीच सशक्त सेतु का कार्य कर रहा है, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है तथा निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाता है।

## अवैध ऊंट तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध तस्करी में प्रयुक्त वाहन जप्त



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। बिल्लूराम सैनी)** जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश व जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशन में एएसपी नाजिम अली खान व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में सरूण्ड थानाधिकारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अवैध गतिविधियां पर अंकुश लगाने हेतु मुखबीर से मिली एक ट्रक में अवैध ऊटों की तस्करी की सूचना पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक ट्रक तेज गति से नारेहड़ा से कोटपूतली की तरफ आता हुआ दिखाई दिया, जिसको रूकवाया गया तो ट्रक में बैठे दो शक्स भागने की कोशिश करने लगे, जिस पर दोनो शक्सों को पकड़ा गया तथा ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें कुल 27 ऊँट-ऊँटनी ठुंस ठुंस कर रस्सीयां से बांध रखे थे। जिस पर चालक सीट पर बैठे व्यक्ति का नाम पूछा तो उसने अपना नाम तालीम (23) पुत्र निजर जाति मुसलमान निवासी राजपूत थाना पुन्हाना जिला मुँह मेवात हरियाणा व दुसरे शक्स ने अपना नाम कामील (27) पुत्र कल्लू जाति मुसलमान निवासी मौहल्ला साऊथ खालापाड़ नुर मस्जीद के पास थाना कोतवाली मुजफ्फरनगर जिला मुजफ्फरनगर उत्तरप्रदेश होना बताया। दोनो शक्सां को बिना लाईसेंस व अनुज्ञा पत्र के अवैध ऊंटो की तस्करी करने पर गिरफ्तार किया गया। वहीं अवैध तस्करी में प्रयुक्त वाहन नम्बर आर जे 14 जीपी 8211 को जप्त किया गया।

## 07.17 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त, अभियुक्त गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। बिल्लूराम सैनी)** जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश द्वारा चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थों एवं नशीली दवाईयों का अवैध व्यापार करने वालों के खिलाफ अधिक से अधिक एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देष पर एएसपी नाजिम अली के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी आदित्य कंजर (20) पुत्र कृष्ण कुमार कंजर निवासी कुजोता थाना सरुण्ड हाल सब्जी मण्डी के पीछे मौहल्ला बाछड़ी कोटपूतली के कब्जे से 07.17 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं अभियुक्त से अवैध मादक पदार्थ के धंधे में संलिप्त अन्य आरोपियान बाबत गहनता से अनुसंधान जारी है। अभियुक्त के खिलाफ स्थानीय पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट में पहले से भी मामला दर्ज हैं।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवती ने किया ब्लैकमेल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट में इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवक को ब्लैकमेल कर लाखों रुप्ए हड़पने का मामला सामने आया है । युवक ने रोज-रोज की धमकियों से परेशान होकर युवती के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर युवती के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि जयपुर के रहने वाले 38 वर्षीय युवक ने मामला दर्ज कराया है कि करीब 4 साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए उसकी 28 साल की युवती से जान पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी युवती ने खुद को कुंवारा बताया। मिलने-जुलने के दौरान लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने का ऑफर दिया। करीब 2 साल पहले सहमति से दोनों ने लिव-इन के डॉक्यूमेंट बनवाए। इस दौरान आरोपी युवती ने बिजनेस के नाम पर लाखों रुपए ले लिए। लिव-इन के दौरान गलत नाम-पत्ते के साथ ही आरोपी युवती के शादीशुदा होने का पता चला। जिसके बाद अपने साथियों के साथ मिलकर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। शादी का झांसा देकर रेप का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया। युवती से पीड़ित युवक को दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की डिमांड की।

# मिस एंड मिसेज राजस्थान ग्लैमर ऑडिशन में प्रतिभागियों ने बिखेरा जलवा

## कैटवॉक से लेकर डांस-सिंगिंग तक दिखा टैलेंट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश के प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट मिस एंड मिसेज राजस्थान ग्लैमर 2026 के ऑडिशन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें करीब 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजक चिराग चौधरी और राकेश कुमार ने बताया कि ऑडिशन में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की प्रतिभागियों ने ब्लैक वन पीस ड्रेस कोड में भाग लिया। प्रतिभागियों ने कैटवॉक के साथ-साथ डांस, सिंगिंग और मिमिक्री के जरिए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। चयनित सेमीफाइनलिस्ट्स के लिए तीन दिवसीय विशेष ग्रूमिंग वर्कशॉप आयोजित की जाएगी, जिसमें इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा पोर्टफोलियो शूट, टैलेंट राउंड, योगा, मेडिटेशन, सेल्फ कॉन्फिडेंस और स्टाइलिंग से जुड़े पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 11 अप्रैल को जयपुर स्थित रामाज रिसॉर्ट में आयोजित होगा। ऑडिशन के दौरान सुपर मॉडल ज्योति पुनिया, सीनियर मॉडल मिताली व्यास और सावित्री रिजॉर्ट पुष्कर के जनरल मैनेजर जसवेंद्र सिंह जूरी मेंबर के रूप में मौजूद रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। इस आयोजन में विभिन्न मीडिया और ब्रांड पार्टनर्स जुड़े हुए हैं। आयोजन से जुड़ी हस्तियों में मोहित तिवारी, हैप्पी सिंह टाक और विकास महावर भी शामिल रहे। आयोजकों के अनुसार यह पेजेंट राजस्थान की उभरती मॉडल्स और प्रतिभाशाली महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है, जहां वे अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रतिभा को निखार सकें।

## जालूण्ड में ईसर गणगौर की शोभायात्रा निकाली



बढ़ता राजस्थान

**खाटूश्यामजी।** निकटवर्ती ग्राम जालूण्ड में शनिवार को ईसर और गणगौर की विशाल शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम एवं गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा का ग्रामीणों के द्वारा जगह-जगह पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया । जानकारी के अनुसार जालूण्ड गांव की गणगौर शोभायात्रा क्षेत्र की प्रसिद्ध एवं प्राचीनतम शोभायात्रा में से एक है । शोभायात्रा जानकी नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर श्री राधा कृष्ण धाम मंदिर गणगौर मेला मैदान पर पहुंची जहां महिलाओं ने बड़ी उत्साह के साथ गणगौर की पूजा अर्चना की जिसमें काफी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने गणगौर ईश्वर की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने बड़ी उत्साह के साथ गणगौर - की पूजा अर्चना की। इस मौके - पर घरों में महिलाओं ने मिट्टी से बनाई गई गणगौर और ईश्वर की प्रतिमाओं की पूजा की। सोलह श्रृंगार के प्रतीक इस त्यौहार पर महिलाओं ने समूह बनाकर गणगौर माता के मंगल गीत भी गाए। हाथ में पूजा की थाली लिए और सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र और समृद्धि लिए प्रार्थना की तथा सुख समृद्धि की कामना की। गणपत पारीक ने बताया कि जालूण्ड कि शोभायात्रा सैकड़ों वर्षों की परंपरा है हमारे पुरखों ने इस परंपरा को निभाया उसके पश्चात हम इस परंपरा को निभा रहे हैं। इस अवसर पर मिश्र सुरेश कुमार, ठाकुर प्रभु सिंह, जगदीश सिंह,अजय सिंह ठाकुर, महावीर सिंह,महेश पंच सोहनसिंह ठाकुर, रणवीर सिंह , छीतर सिंह,मुकुंद सिंह ,राजेंद्र सिंह,सरताज सिंह,श्याम सुंदरशर्मा, सरवन सिंह,योगेंद्र प्रताप सिंह,केसर सिंह,विजय शर्मा,प्रहलाद शर्मा, महावीर मास्टर,सांवरमल कुमावत,महाराज राजेंद्रप्रसाद आदि उपस्थित थे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान की बैठक आयोजितः 11 अप्रैल को मनाई जाएगी जयंती, लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

बढ़ता राजस्थान



**कोटपुतली (बिल्लूराम सैनी)।** सैनी सभा भवन नंबर-1 में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान, कोटपुतली इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कोटपुतली इकाई की कार्यकारिणी के सदस्य शामिल हुए, जिसमें समाज हित में कई बड़े निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 11 अप्रैल 2026 को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9:15 बजे महात्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगी। इसके पश्चात सैनी सभा भवन नंबर-1 में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्थान ने समाज बंधुओं से अपील की है कि इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। समाज सुधार और विकास की दिशा में एक और बड़ा फैसला लेते हुए यह प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रत्येक रविवार को ब्लॉक वाइज जिला स्तरीय सुझाव बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में कल, 22 मार्च 2026 को जिला कोटपुतली-बहरोड़ के नारायणपुर व बानसूर ब्लॉक में बैठक होगी। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य समाज सुधार व विकास के संबंध में सुझाव लेकर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना है।इस अवसर पर नत्थूराम सैनी (अमीन), एडवोकेट देवेन्द्र कुमार, जगदीश प्रसाद खेमजी,राजेन्द्र प्रसाद सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी (पूर्व मंडी अध्यक्ष), विजय कुमार गुरुजी, श्योराम सैनी (प्राचार्य), महावीर सांखला, रामोतार सैनी (जनप्रमुख), प्रकाश तौंदवाल उपाध्यक्ष सैनी समाज,राकेश सैनी (पूर्व अध्यक्ष), रोहिताश जी सैनी (गुरुजी), पार्षद कृष्ण कारोडिया,बाबूलाल सैनी (पूर्व पार्षद), रोहिताश सैनी (उपाध्यक्ष),रणजीत सैनी (मीडिया प्रभारी), योगेश सैनी (सचिव, सैनी सभा संस्था) एवं पत्रकार बिल्लूराम सैनी,दिनेश कुमार सैनी सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ आर-पार की लड़ाई, 23 मार्च को जिला कलेक्ट्रेट पर महापड़ाव

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली। बिल्लूराम सैनी)** जोधपुरा संघर्ष समिति के बैनर तले अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के प्रदूषण और नियमों की अनदेखी के खिलाफ चल रहा आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। समिति के आह्वान पर आगामी 23 मार्च 2026 को जिला कलेक्टर कार्यालय पर विशाल महापड़ाव डाला जाएगा।

### गांव-गांव जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं

महापड़ाव को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं और अपील के पर्चे बांटकर समर्थन मांग रहे हैं। शनिवार को कासंली, कीरतपुरा, अजीतपुरा और पवाना अहीर में आयोजित जनसभाओं में ग्रामीणों ने भारी उत्साह दिखाया और आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिलाया। 3 नवंबर 2025 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने जिला कलेक्टर को 3 माह के भीतर आदेश की पालना करने के निर्देश दिए थे, जो अभी तक ठंडे बस्ते में हैं। 22 फरवरी को विधानसभा कूच के दौरान प्रशासन ने एक सप्ताह में मांगों के निस्तारण का लिखित समझौता किया था, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। NGT के स्पष्ट निर्देश हैं कि आबादी, मंदिर और स्कूल से 500 मीटर की परिधि में ब्लास्टिंग नहीं होगी। साथ ही, ध्वनि प्रदूषण के मानकों (दिन में 55 dB और रात में 45 dB) का उल्लंघन किया जा रहा है।मुख्य सचिव द्वारा पुनर्वास योजना बनाने के आदेश पर भी अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

### 1199 दिनों से जारी है संघर्ष

जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना आज 1199वें दिन भी जारी रहा। आज के जनसंपर्क अभियान में समिति के सचिव कैलाश यादव, उपाध्यक्ष सतपाल यादव, शीला देवी, कलावती देवी, रीता देवी, प्रभु दयाल गुरुजी, भूप सिंह धानका, नांची देवी, बिमला देवी, अजय योगी, हरिराम यादव, धर्मपाल योगी, प्रकाश वर्मा, सीताराम वर्मा, राज पाल यादव और रविशंकर शर्मा समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से महिला गंभीर घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** आमेर थाना क्षेत्र के सागर रोड पर शनिवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को अस्पताल पहुंचाया और भागने का प्रयास कर रहे चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार कार तेज गति में थी, जिसके कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे जा रही महिला को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि महिला के हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल महिला को पहले आमेर के राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कार जब्त कर ली है और मेडिकल जांच सहित मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि सागर रोड पर ओवरस्पीडिंग और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं।

## मीणा समाज द्वारा मत्स्य जयंती पर पूजा अर्चना के बाद प्रसादी वितरण, सामाजिक सौहार्द के लिए प्रार्थना

बढ़ता राजस्थान



**चौमूँ (दिनेश कुमार कुमावत)** । तहसील में मीणा समाज बंधुओं द्वारा मत्स्य जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई इसी क्रम में चौमूँ मीणा समाज द्वारा मीणा समाज भवन , चौमूँ में मत्स्य जयंती के अवसर पर शनिवार को सायं मीना समाज भवन चौमूं में अध्यक्ष रामचन्द्र मीणा की अध्यक्षता में समाज बंधुओं द्वारा मीन भगवान की पूजा ,आरती कर प्रसादी वितरण किया गया मीडिया प्रभारी शेष मानुतवाल ने बताया की कार्यक्रम में अध्यक्ष रामचंद्र मीणा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष भोलू राम मीणा ,संरक्षक रामेश्वर जेफ,प्रभु खोड़ा,संगठन मंत्री सतपाल गुवारडी, कमलेश मीणा, उपाध्यक्ष मालीराम मीना,कोषाध्यक्ष मुकेश बागड़ी,समाज सेवी सीताराम मीणा,जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा,समाज सेवी तोफान मीणा, रामचंद्र मीना,रामावतार मीणा,राजेंद्र मीणा,मलखान मीणा, मुकेश हाटवाल एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा विष्णु के प्रथम अवतार भगवान मत्स्य की पूजा अर्चना कर सभी समाजों में सामाजिक सौहार्द,सुख व समृद्धि की कामना की गयी।

# राम जन्म की सजीव झांकी प्रदर्शन से कथा स्थल का बना माहौल भक्तिमय

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** नया बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में नव दिवसीय श्रीराम कथा रस माधुरी में आज कथा व्यास पं महेश शर्मा हवेलीवाला ने तृतीय दिवस को राम जन्म, तड़का सुबाहु वध, जनकपुर प्रस्थान और धनुष यज्ञ के प्रसंगों का अपनी विशिष्ट सरस और ओजपूर्ण शैली में वर्णन किया। राम जन्म की सजीव झांकी प्रदर्शन से कथा स्थल का माहौल भक्ति एवं वात्सल्य से सराबोर हो गया। भगवान राम के जन्म की कथा को पृथ्वी के उद्धार के लिए होने वाली विशिष्ट घटना बताते हुए आपने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार और अनाचार की बहुलता होती है तब स्वयं श्रीहरि अवतार लेकर असुरों एवं असुर संस्कृति का संहार कर अपने भक्तों को प्रताड़ना से मुक्त कर देव संस्कृति की श्रेष्ठता सिद्ध करते हैं। द्वापर युग में राम अवतार इसी का प्रमाण है। श्रीहरि के गुणगान के लिए ही हम राम कथा का इस कलयुग में विभिन्न प्रकार से श्रवण करते हैं। श्री हरि की इस अनंत कथा का विद्वानों ने अपने-अपने ढंग से वर्णन किया है। कथा में अनवरत सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले श्री अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, सेवा भारती समिति की श्रीमती पिंकी जिंदल व महिला कार्यकर्ता गण एवं जनरल फैंसी फुटवियर एवं स्टेशनर्स व्यापार मंडल चोमू के अध्यक्ष पवन सैनी का कार्यकारिणी सदस्यों सहित कथा आयोजक परिवार की ओर से स्वागत सत्कार एवं अभिनंदन किया गया। कथा में आज संत संत शक्ति के नाते संतोषी माता मन्दिर चौमूं से महामंडलेश्वर बालक दास जी महाराज का पदार्पण हुआ। महाराज ने उपस्थित भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। नगर पालिका चौमूं के पूर्व पार्षद नंदकिशोर रावलिया और रामलाल जी गुलिया का सत्यनारायण सर्राफ की ओर से अभिनंदन किया गया। कथा में सैकड़ो श्रोता अगाध श्रद्धा एवं समर्पण भाव के साथ राम कथा रस माधुरी का रसास्वादन कर रहे हैं। कथा यजमान परिवार के सदस्य यज्ञदत्त सर्राफ ने बताया कि चतुर्थ दिवस को राम बारात आगमन, राम विवाह, कंवर कलेवा और बारात विदाई का प्रसंग विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

## सुसाइड नोट के आधार पर सुपरवाइजर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

# चार माह पहले बीएलओ के आत्महत्या करने के मामले में आया नया मोड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बिंदायका थाना इलाके में गत चार माह पहले बीएलओ के आत्महत्या करने के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। मृतक के पिता कालवाड़ रोड के धर्मपुरा निवासी नानगराम जांगिड़ (69) ने अपने बेटे की मौत का जिम्मेदार सुपरवाइजर को ठहराते हुए बिंदायका थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सुपरवाइजर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। एसआई गोवर्धन सिंह ने बताया कि धर्मपुरा निवासी नानगराम जांगिड़ (69) ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। शिकायत में बताया कि उनके बेटे मुकेश कुमार जांगिड़ (48) ने 16 नवम्बर-2025 को ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल नारीकाबास में टीचर के पद पर काम करता था। इसके साथ ही झोटवाड़ा विधानसभा के धर्मपुरा भाग संख्या-175 में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पद पर भी तैनात थे। बताया जा रहा है की पीड़ित मुकेश कुमार बीएलओ ड्यूटी के चलते रोज सुबह साढ़े चार बजे घर से निकल जाते थे।

### पुलिस तलाशी में मिला सुसाइड नोट

पीड़ित पिता का आरोप है कि जब पुलिस ने मुशक की तलाशी ली तो उसके जेब में चाबियां, 500 रुपए का नोट और 3-4 पर्चियां बरामद हुई । वहीं दूसरी जेब से सुसाइड नोट बरामद किया गया। जिसमें लिखा था कि राज्य सरकार की एसआईआर कार्यक्रम के चलते मैं परेशान हो चुका हूं। एसआईआर इंचार्ज सीताराम बुनकर बार-बार फोन करके मेरे ऊपर काम का दबाव बना रहे हैं, सस्पेंड करने की धमकी दे रहे हैं। 13 नवम्बर को मुकेश ने सुसाइड नोट लिखा था। जिसके तीन दिन बाद 16 नवम्बर को सुबह ट्रेन के आगे छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। बिंदायका थाने में मृतक मुकेश के पिता नानगराम जांगिड़ की ओर से 4 महीने बाद शनिवार मुकदमा दर्ज कराया गया है। सुसाइड नोट के आधार पर पिता नानगराम का आरोप है कि बेटा मुकेश टीचर था, उसकी ड्यूटी एसआईआर में लगा रखी थी। वह घर-घर जाकर बीएलओ फार्म वितरित करता था। फार्म संबंधित ऑफिस में जमा करवाता था। फिर भी सुपरवाइजर सीताराम काम पूरा करने के लिए दबाव दे रहा था।

## सम्पादकीय

# चिंतित करने वाले हालात, गैस के साथ गहराने जा रहा तेल संकट

इजरायल और ईरान में घमासान के बीच भारत में जिस तरह प्रीमियम पेट्रोल और उद्योगों में उपयोग होने वाले डीजल के मूल्य बढ़ाने पड़े, उससे यही इंगित होता है कि गैस के साथ तेल संकट भी गहराने जा रहा है। यह चिंताजनक स्थिति है। यह ठीक है कि अभी सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम यथावत हैं, पर यदि खाड़ी के देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति इसी तरह बाधित बनी रही तो ऊर्जा संकट और गंभीर हो सकता है। इसका असर आम लोगों के साथ उद्योग-व्यापार जगत पर भी पड़ेगा। इसके नतीजे में महंगाई भी बढ़ेगी और रोजगार के लिए भी संकट पैदा होगा। यह वह संकट है, जो केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। यह विश्वव्यापी संकट है और इसीलिए यह आवश्यक हो जाता है कि भारत अन्य देशों के साथ मिलकर उन उपायों की तलाश तेजी से करे, जिससे पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसके लिए एक ओर जहां अमेरिका पर भी दबाव डालना होगा, वहीं दूसरी ओर ईरान पर भी, जो उस समुद्री मार्ग होर्मुज को बाधित किए हुए है, जहां से खाड़ी के देश तेल एवं गैस की आपूर्ति करते हैं। संकट केवल यह नहीं है कि ईरान ने होर्मुज जल मार्ग बाधित कर रखा है, बल्कि यह भी है कि वह जवाबी कार्रवाई के तहत खाड़ी के देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और नागरिक क्षेत्रों के साथ ऊर्जा स्रोतों पर भी हमले कर रहा है। इसके चलते तेल एवं गैस के उत्पादन पर असर पड़ा है और इस क्षेत्र से ऊर्जा आपूर्ति और अधिक कठिन हो गई है। इस सबको देखते हुए केवल इतना ही पर्याप्त नहीं कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन में कई देशों की ओर से पेश उस प्रस्ताव में भागीदारी की, जिसका उद्देश्य होर्मुज जल मार्ग खोलने के लिए ईरान पर दबाव बनाना है। आवश्यक यह है कि भारत इस संगठन का विशिष्ट सदस्य होने के नाते इसके लिए भी प्रयत्न करे कि इस प्रस्ताव के सकारात्मक नतीजे सामने आएं। चूंकि मामला राष्ट्रीय हितों के साथ वैश्विक आर्थिक हितों का है, इसलिए भारत को यह भी देखना चाहिए कि क्या होर्मुज से तेल और गैस टैंकरों से लदे जहाजों के सुरक्षित आवागमन के लिए संबंधित देश मिलकर अपनी नौसेनाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं? नौसेनाओं के इस साझा हस्तक्षेप का यह मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए कि भारत एवं अन्य देश अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में किसी पक्ष का साथ दे रहे हैं या विरोध कर रहे हैं। इस हस्तक्षेप का एक मात्र उद्देश्य वैश्विक आर्थिक हितों की रक्षा हेतु होर्मुज जल मार्ग को समुद्री परिवहन के लिए सुरक्षित बनाना होना चाहिए। चूंकि अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून ऐसे सकारात्मक हस्तक्षेप की अनुमति देते हैं, इसलिए भारत को इसकी संभावनाएं टटोलनी चाहिए।



## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 22 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1638 – ऐनी हचिन्सन को मैसाचुसेट्स बे कॉलनी से धार्मिक असहमति के लिए निकाल दिया गया था।
- 1713 – फोर्ट नेओरोका के पतन के साथ टसकारोरा युद्ध समाप्त हो गया, जो यूरोपीय उपनिवेशण के लिए उत्तर कैरोलिना के आंतरिक रूप से प्रभावी रूप से खोलना था।
- 1739 – नादिर शाह ने भारत में दिल्ली पर कब्ज़ा कर लिया था.
- 1765 – ब्रिटिश संसद ने स्टैम्प एक्ट पारित किया था।
- 1849 – ऑस्ट्रिया ने नोवरा की लड़ाई में पीडमोटीस को हराया था।
- 1871 – उत्तर कैरोलिना में, विलियम वुड्स होल्डन को एक अमरीकी राज्य का पहला राज्यपाल नियुक्त किया गया था जिन्हें महाभियोग ने कार्यालय से निकाल दिया था।
- 1873 – स्पैनिश नेशनल असेंबली ने प्यूर्टो रिको में गुलामी को समाप्त कर दिया था।
- 1894 – स्टेनली कप का पहला गेम खेला गया था
- 1906 – पहले इंग्लैंड बनाम फ्रांस रग्बी यूनियन मैच पेरिस में पेरक डेस प्रिंसेस में खेला गया था।
- 1916 – चीन के अंतिम सम्राट युआन शिकाई ने सिंहासन का अपमान किया और चीन गणराज्य बहाल हो गया था।
- 1920 – कुर्दिश गिरोहों की भागीदारी के साथ अज़ेरी और तुर्की सेना के सैनिकों ने शूही (नागोर्नो काराबाख) के आर्मीनियाई निवासियों पर हमला किया था।
- 1933 – कल्लेन-हैरिसन अधिनियम: राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट ने वाल्स्टेड एक्ट में एक संशोधन पर हस्ताक्षर किए थे।
- 1942 – द्वितीय विश्व युद्ध: भूमध्य सागर में, रॉयल नेवी सिरेते की दूसरी लड़ाई में इटली के रेजीया मरीना का सामना करना पड़ा था
- 1943 – द्वितीय विश्व युद्ध: खतिन के पूरे गांव (वर्तमान में बेलारूस की वर्तमान गणराज्य में है) को शूत्ज़मन्साफ्ट बटालियन 118 द्वारा जीवित जला दिया गया था।
- 1960 – आर्थर लिओनार्ड श्वालो और चार्ल्स हार्ड टाउन को लेजर के लिए पहला पेटेंट मिला था।

## विशेष आलेख

# पेड़ लगाने की अपील और पहाड़ बेचने की नीति- आखिर किस दिशा में विकास?



अमन झालानी ,बयाना



एक ओर देश और राज्य सरकारें बढ़ते तापमान, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक अभियान चला रही हैं। आम जनता को पेड़ लगाने, हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों, पंचायतों और शहरों में पौधारोपण कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। लेकिन दूसरी ओर, सरकारी नीतियों और जमीनी हकीकत के बीच गहरा विरोधाभास देखने को मिल रहा है। राजस्व बढ़ाने और आर्थिक विकास की गति तेज करने के नाम पर खनन गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। पहाड़ों, नदियों और प्राकृतिक संसाधनों की नीलामी कर उन्हें लीज पर सौंपा जा रहा है। कागजों में इन खनन गतिविधियों के लिए सख्त नियम और पर्यावरणीय मानक तय किए गए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि इन नियमों का पालन अक्सर केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। लीज धारक खुलेआम नियमों की अनदेखी करते हुए बड़े पैमाने पर खनन करते हैं। निर्धारित सीमाओं से अधिक खुदाई, अवैध विस्फोट, बिना अनुमति के मशीनों का उपयोग और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों की अनदेखी आम बात हो गई है। पत्थर और बजरी खनन के कारण उठने वाली धूल आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण का बड़ा कारण बन रही है। इससे स्थानीय निवासियों को सांस, आंख और त्वचा संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, खनन के कारण जल स्रोतों पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, नदियों का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है और कई स्थानों पर जल संकट गहराता जा रहा है। खेती पर इसका सीधा असर पड़ रहा है, जिससे किसानों की आजीविका संकट में है। जैव विविधता भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि वन क्षेत्र और प्राकृतिक आवास तेजी से नष्ट हो रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे चिंताजनक पहलू प्रशासनिक ढिलाई और निगरानी की कमी है। कई बार शिकायतों के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं होती, जिससे अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद रहते हैं। यह स्थिति न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि शासन-प्रशासन की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े करती है। सरकार को यह समझना होगा कि विकास केवल आर्थिक आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यदि विकास की कीमत पर्यावरणीय विनाश और जनस्वास्थ्य के रूप में चुकानी पड़े, तो वह टिकाऊ नहीं हो सकता। आवश्यक है कि खनन नीतियों की पुनर्समीक्षा की जाए और उन्हें पर्यावरणीय संतुलन के अनुरूप बनाया जाए। खनन गतिविधियों के लिए पारदर्शी और सख्त निगरानी तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वाले लीज धारकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही, पर्यावरणीय प्रभाव आकलन को केवल औपचारिकता न बनाकर उसे प्रभावी तरीके से लागू किया जाना चाहिए। स्थानीय समुदायों की भागीदारी भी इस दिशा में महत्वपूर्ण हो सकती है। यदि ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों को निगरानी और निर्णय प्रक्रिया में शामिल किया जाए, तो अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके अलावा, खनन क्षेत्रों में पुनर्वनीकरण और पर्यावरण पुनर्स्थापन के प्रयास भी अनिवार्य किए जाने चाहिए। अंततः, यह समय है कि सरकार अपने प्रयासों में एकरूपता लाए। एक ओर पेड़ लगाने के अभियान और दूसरी ओर प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन की नीति साथ-साथ नहीं चल सकती। यदि वास्तव में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी है, तो नीतिगत और क्रियान्वयन स्तर पर ठोस और सख्त कदम उठाने होंगे। अन्यथा, विकास की यह अंधी दौड़ आने वाली पीढियों के लिए केवल प्रदूषण, संसाधनों की कमी और असंतुलित पर्यावरण की विरासत छोड़ जाएगी।

**(ये लेखक के अपने निजी विचार हैं)**

# धरती को बीमार बना कर हम स्वस्थ कैसे रह सकते है!



सुनील कुमार महला

*हमने धरती को जहरीली बना दिया है। इससे किसानों को तो नुकसान हो ही रहा है, साथ ही साथ उपभोक्ताओं की सेहत पर भी इसका बहुत ही गहरा व व्यापक असर पड़ रहा है।यदि हमारे देश के किसान इसी तरह केमिकल फर्टिलाइजरों का उपयोग करते रहे।*

भारत एक कृषि प्रधान देश है, लेकिन आज भारतीय कृषि लगातार एक छिपे हुए खतरे की ओर बढ़ रही है। दरअसल आज खेती में धीरे-धीरे अनेक प्रकार के रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों का प्रयोग लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है और इससे एक ओर जहां हमारे देश की जमीनें लगातार बंजर हो रहीं हैं, वहीं दूसरी ओर बढ़ते रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के प्रयोग से अनेक प्रकार की खतरनाक व गंभीर बीमारियां फैल रहीं हैं। कुछ साल पहले आई सेंटर फॉर साइंस एंड एंवायरनमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक देश की 30 फीसद जमीन बंजर होने के कगार पर है। इसका कारण यूरिया का अंधाधुंध इस्तेमाल है, जिसे हरित क्रांति के दौर में उत्पादन बढ़ाने का अचूक मंत्र मान लिया गया था। यूरिया के अधिक उपयोग से नाइट्रोजन चक्र प्रभावित हो रहा है। इतना ही नहीं, रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के लगातार उपयोग से कृषि मित्र जीव-जंतुओं का विनाश हो रहा है। आज मिट्टी से लगातार आर्गेनिक तत्वों की कमी देखी जा रही है, यह भारतीय कृषि जगत के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। यह बहुत ही गंभीर है कि आज अनाज-सब्जियों के माध्यम से उर्वरकों और कीटनाशक जहर हमारे शरीर में भी पहुंच रहा है और हम तरह-तरह की बीमारियों का शिकार बन रहे हैं।किसानों को इस बात के प्रति जागरूक होना चाहिए कि खेती में लगातार रासायनिक खाद के प्रयोग से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा लगातार कम होती चली जा रही है और इससे अब हमारे देश में कई स्थानों पर बिना रासायनिक उर्वरक के खेती करना ही संभव नहीं हो पा रहा है। हमने धरती को जहरीली बना दिया है। इससे किसानों को तो नुकसान हो ही रहा है, साथ ही साथ उपभोक्ताओं की सेहत पर भी इसका बहुत ही गहरा व व्यापक असर पड़ रहा है।यदि हमारे देश के किसान इसी तरह केमिकल फर्टिलाइजरों का उपयोग करते रहे, तो वो दिन दूर नहीं जब खेती के लिए मिट्टी ही नहीं बचेगी। आज किसानों का ध्यान पशुपालन पर कम है, क्यों कि महंगाई, स्थान की कमी, हरे-चारे की समस्या के कारण किसान खेती के साथ पशुपालन नहीं करना चाहता। पहले कृषि के साथ पशुपालन भी किया जाता था, आजकल वह कम है। यही कारण है कि आज किसानों के पास खेतों के लिए गोबर की खाद, वर्मी व सुपर कंपोस्ट, हरी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं है। यही कारण है कि मृदा में पोषक तत्वों की कमी है और जमीन की ''वाटर होल्डिंग कैपेसिटी'' लगातार कम होती चली जा रही है, इससे जमीनें कठोर हो रहीं हैं। यह बात ठीक है कि आज के समय में वाणिज्यिक फसलों के लागत-प्रभावी उत्पादन के लिए रासायनिक उर्वरक बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उनका अंधाधुंध उपयोग हमारी जमीनों के लिए काल बनकर सामने आ रहा है। किसानों को यह ध्यान रखना चाहिए कि केवल और केवल उत्पादन बढ़ाने पर ही ध्यान केंद्रित नहीं किया जाना चाहिए, उन्हें इस बात की भी जानकारी होनी चाहिए कि रासायनिक उर्वरक अकार्बनिक पदार्थों से आते हैं, जो रासायनिक उपचार से गुजरते हैं। यह ठीक है कि रासायनिक उर्वरक किसानों को अल्पावधि में अधिक और/या उच्च गुणवत्ता वाली फसलें पैदा करने की अनुमति देते हैं।

**(ये लेखक के अपने निजी विचार हैं)**

## लघुकथा
बढ़ता राजस्थान

### मेरे हिस्से का घर-परिवार

"देख संगीता, मैं बाज़ार से यह सलेक्स ले आई हूँ। तुम कल कह रही थी न कि तुम्हारी पीली वाली सलेक्स खराब हो गई है? इसलिए यह ले आई।" संगीता के चेहरे पर जरा भी खुशी नहीं आई। उसने पूछा, "कितने की है यह सलेक्स?" सासू माँ बोलीं, "छः सौ पचास रुपये की।" संगीता खीझकर बोली, "इतनी महँगी सलेक्स लाने की क्या ज़रूरत थी? मुझे नहीं चाहिए। कल वापस कर आइए।" सासू माँ का चेहरा उतर गया। "ठीक है," वे धीमे स्वर में बोलीं और उदास मन से अपने कमरे में चली गईं। अभय यह सब देख रहा था। माँ के जाते ही बोला, "तुमने ठीक नहीं किया। सलेक्स रख लेती तो क्या हो जाता! अगर दुकान ने कल वापस न ली तो? माँ फिर बाजार एँगी, परेशान होंगी।" संगीता मुस्कुराई, "आप देखते जाइए वे कल बाज़ार नहीं जाएँगी।" अभय कुछ समझ पाता, इससे पहले ही सासू माँ वापस कमरे में आईं। हाथ में वही सलेक्स थी। बोलीं, "बहू, कपड़ा बहुत अच्छा है, तुम इसे रख ही लो।" संगीता ने कहा, "ठीक है, रख लेती हूँ लेकिन आगे से मत लाइएगा।" इतना सुनते ही सासू माँ बच्चों की तरह खिल उठीं, फिर बोलीं, "इस रिमझिम को देखो, मेरी एक नहीं सुनती! कल झाड़ू लगाते हुए कोनों में कूड़ा छोड़ दिया था। तुम इसे समझा देना—मेरी बात माने, वरना काम से निकाल दूँगी।" इतना कहकर वे रिमझिम को आवाज़ देती बाहर चली गईं। संगीता रसोई की ओर बढ़ने लगी तो अभय बोला, "जब आखिर में सलेक्स रखनी ही थी तो पहले क्यों नहीं रख ली?" संगीता हँस दी, "पहले रख लेती तो कल कुछ और नया ले आतीं।" अभय बोला, "सच कहूँ, माँ के साथ निभाना आसान नहीं। तभी तो मेरा कोई भाई-बहन उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहता।" संगीता ने पलटकर पूछा, "पर माँ को साथ नहीं रखेंगे तो बच्चों को दादी का प्यार कौन देगा? और वे रहेंगी कहाँ?" अभय ने कहा, "फिर तुम दोनों सारा दिन नोकझोंक क्यों करती रहती हो? तुम माँ के हर काम में मीन-मेख निकालती हो।" संगीता बोली, "देखिए, बच्चे और बुजुर्ग एक जैसे होते हैं। जितनी बात मानो, माँगें उतनी बढ़ती जाएँ। कई बार रोक लगानी पड़ती है।

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# घटती जा रही हैं मांसपेशियां, कमजोर हो गया है शरीर? कहीं आपको सार्कोपेनिया तो नहीं

सार्कोपेनिया उम्र के साथ-साथ मांसपेशियों के मात्रा और ताकत में होने वाली कमी की समस्या है। इस स्थिति का मुख्य लक्षण मांसपेशियों में कमज़ोरी है। वैज्ञानिकों का मानना है कि शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहना और अस्वस्थ आहार लेना इस बीमारी को बढ़ाने में योगदान दे सकता है। क्या आप भी बिल्कुल दुबले-पतले, कमजोर दिखने लगे हैं? ऐसा लग रहा है जैसे शरीर की मांसपेशियां तेजी से गायब होती जा रही हैं, अगर हां तो सावधान हो जाइए कहीं ये सार्कोपेनिया तो नहीं है? उम्र बढ़ने के साथ शरीर में इस तरीके का बदलाव आना स्वाभाविक है, लेकिन अगर बिना कोशिश किए शरीर तेजी से दुबला दिखने लगे, ताकत कम हो जाए, सीढ़ियां चढ़ने या चलने-दौड़ने में भी कठिनाई होने लगे तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। इसे सिर्फ सामान्य कमजोरी समझकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए, ये सार्कोपेनिया का संकेत हो सकता है। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि सार्कोपेनिया उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियों की कमी, ताकत और कार्यक्षमता कम होने की समस्या है। 60 की उम्र के बाद हर साल 1-2% मांसपेशियां कम होती जाती हैं। हालांकि कई रिपोर्ट्स में अलर्ट किया जाता रहा है कि ये समस्या 30 की उम्र में ही शुरू हो जाती है। डॉक्टर कहते हैं, यह सिर्फ दिखने में दुबलेपन की बात नहीं है, बल्कि ऐसे लोगों में गिरने का खतरा, हड्डी टूटने और चलने में अस्थिरता जैसी दिक्कतें भी काफी बढ़ जाती हैं। क्लीवलैंड क्लीनिक की रिपोर्ट के अनुसार सार्कोपेनिया उम्र के साथ-साथ मांसपेशियों और शरीर की ताकत में होने वाली कमी की समस्या है।




### मेष
आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। हालांकि सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, लेकिन फिर भी आप अपने कामों को पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ पूरा करने की कोशिश करेंगे।

### वृष
आज का दिन भाग्य के दृष्टिकोण से आपके लिए अच्छा साबित होगा। जीवनसाथी के साथ चल रही दूरियां कम होंगी और रिश्ते में फिर से मधुरता आएगी। आप दोनों साथ में कहीं घूमने-फिरने का भी कार्यक्रम बना सकते।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रह सकता है। हालांकि आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। काम के सिलसिले में आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहेगा। हालांकि आय से ज्यादा खर्च होने के कारण मन थोड़ा परेशान रह सकता है। दोस्तों और सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे कई काम आसान हो जाएंगे।

### सिंह
आज आपको लेन-देन के मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। यदि ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से मतभेद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन संतोषजनक रहेगा। आय में बढ़ोतरी होने से मन खुश रहेगा और आप अपने जरूरी खर्च भी आसानी से कर पाएंगे। परिवार में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहेगा।

### तुला
आज का दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए अच्छा साबित होगा। आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई पहचान मिल सकती है और सम्मान भी प्राप्त हो सकता है।

### धनु
आज आय में बढ़ोतरी होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी मनोरंजन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं और परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। यदि किसी जरूरतमंद की मदद करने का अवसर मिले, तो पीछे न हटें।

### मकर
आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन प्रगति देने वाला रहेगा। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके पूरे होने की संभावना है। आपके नए प्रयास भी अच्छे परिणाम दे सकते हैं।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी आय और खर्च के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार या जरूरी सामान खरीद सकते हैं।

### मीन
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। प्रॉपर्टी से जुड़े नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं, जो भविष्य में अच्छा लाभ दे सकते हैं। भाई-बहनों का सहयोग भी आपको पूरा मिलेगा।

# संवेदनशीलता, सख्ती और सेवा भाव के साथ पुलिसिंग को देंगे नई दिशाःज्येष्ठा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** वर्ष 2018 बैच की तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने शनिवार को सवाईमाधोपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पद का विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताएं ही सवाईमाधोपुर पुलिस की प्राथमिकताएं रहेंगी। उन्होंने कहा कि टाइगर अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध सवाईमाधोपुर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ आमजन व पर्यटकों की सुरक्षा , महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष फोकस रहेगा।



### हुआ गार्ड ऑफ ऑनर

पदभार ग्रहण के दौरान एसपी कार्यालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने उनका स्वागत किया तथा निवर्तमान एसपी अनिल कुमार बेनीवाल को विदाई दी।

### गुना की बेटी से बनीं यूथ आइकन

मध्यप्रदेश के गुना जिले में जन्मी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने अपने जीवन में संस्कार, अनुशासन और मेहनत को आधार बनाया। एक ही प्रयास में आईपीएस बनने वाली ज्येष्ठा आज देशभर के प्रतियोगी छात्रों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। वे दिल्ली सहित देश के विभिन्न मंचों पर युवाओं को सिविल सेवा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देती रही हैं। उनके व्याख्यान केवल परीक्षा तक सीमित नहीं होते, बल्कि जीवन मूल्यों, संघर्ष और आत्मविश्वास का संदेश भी देते हैं। जिले में भी युवाओं व विशेषकर महिलाओं व बच्चियों को मार्गदर्शन प्रदान करने की उनकी मंशा है।

### वर्दी में सख्ती के साथ संवेदना

सीआईडी सीबी से स्थानांतरित होकर आई ज्येष्ठा मैत्रेयी अपराध नियंत्रण, साइबर क्राइम पर अंकुश, महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना उनके व्यक्तित्व की विशेष पहचान है, जो उन्हें एक संवेदनशील पुलिस अधिकारी के रूप में अलग पहचान दिलाता है।

### जनसंवाद बनेगा पुलिसिंग का आधार

पदभार ग्रहण के बाद ज्येष्ठा मैत्रेयी ने कहा कि आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी अपेक्षाओं को समझना और पुलिस तंत्र को मजबूती देना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने हर जगह पुलिस की मौजूदगी के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी को संवेदनशील और जवाबदेह बनाकर त्वरित एवं भरोसेमंद सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### पर्यटन और सुरक्षा पर विशेष ध्यान

सवाईमाधोपुर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर पदभार संभालते हुए उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल ही जिले की पहचान को और मजबूत करेगा।
ज्येष्ठा मैत्रेयी की यात्रा संघर्ष, संस्कार और सेवा की भावना से सजी एक प्रेरणादायक कहानी है। वर्दी की सख्ती के पीछे छिपा उनका संवेदनशील व्यक्तित्व ही उन्हें खास बनाता है।

## नव नियुक्त एसपी ने घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर जिले की नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेई मैं पद भर के उपरांत जिले के प्रसिद्ध शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की! इस दौरान उनका घुश्मेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा कार्यकारिणी सदस्य शंभू दयाल मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी ने उनकी अगवानी कर स्मृति चंद्र देकर अभिनंदन किया! साथ ही उनको मंदिर से संबंधित प्राचीन काल की समस्त जानकारियां दी! इस दौरान नवनियुक्त एसपी ने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन संबंधित कानून व्यवस्था में यहां पर हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी!

## गणगौर की निकली भव्य सवारी



बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** गणगौर पर्व पर नगरपालिका के तत्वावधान में गणगौरी बाजार में मेले का आयोजन किया गया। शनिवार की शाम करीब 5 बजे बस स्टेण्ड पर नगरपालिका के पुराने भवन से परम्परागत रूप से गाजे-बाजे के साथ गणगौर माता की भव्य सवारी निकाली गई। गणगौर माता की सवारी में ईसर-गणगौर के जुलुस में सबसे आगे नगरपालिका के दो कार्मिक परम्परागत वेशभूषा पहनकर घोडी पर सवार होकर आगे-आगे चल रहे थे। उनके पीछे चार युवा सजी हुई ईसर-गणगौर की झांकी को कंधे पर लेकर चल रहे थे। जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र था।गणगौर का जुलूस बस स्टेण्ड से परम्परानुसार रवाना होकर शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ बडा बाजार, बिलाला मार्केट व चौहटी बाजार होते हुए मेला स्थल गणगौरी बाजार पहुंचा। मेले को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेला स्थल पर खाद्य पदार्थो के ठेलों सहित दैनिक उपयोग की विभिन्न सामग्री की दुकानें सजी हुई रही। खाद्य पदार्थो के ठेलों पर लोगों की भीड़ रही। महिलाओं व बच्चों ने मेला स्थल पर लगी हुई दुकानों पर जमकर खरीदारी की।

## मकान-मालिक का कमरा बंद कर घुसे चोरः 4 लाख के गहने और कैश ले गए; 3 मकानों में देर रात चोरी



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** दूनी थाना क्षेत्र के आवां कस्बे में शुक्रवार रात चोरों ने 3 मकानों के ताले तोड़कर करीब 5 लाख रुपए के जेवर और नगदी चुरा लिए। इसका पता पीड़ित मकान मालिकों को शनिवार सुबह उठने के बाद बिखरे पड़े सामान को देखकर चला। पीड़ितों ने अपने जेवर, नगदी जो बोले- पुलिस की व्यवस्था चौपट एक साथ 3 मकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपए की चोरी होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि आवां पुलिस चौकी राम भरोसे है। यहां के स्टाफ को अधिकांश समय दूनी थाने में बुला लिया जाता है। ऐसे में यहां चोरों को चोरी करने का मौका मिल रहा है। रात्रि गश्त की तो कोई व्यवस्था नहीं है। कभी कभार पुलिस की जीप आती है तो वह पुलिस चौकी तक या फिर बस स्टैंड तक आकर चली जाती है।

### बाहर से बंद की कुंडिया

पीड़ित रैगर मौहल्ला वार्ड नंबर दो निवासी शंकर रैगर ने बताया कि वह अन्य दिनों की तरह अपने कार्यों से निवृत होकर परिवार के साथ छत पर सो गया था। मां नीचे चौक में तथा छोटा भाई नीचे वाले कमरे में सो रहा था। देर रात चाचा के मकान की दीवार कूद कर चोर आए। इसके बाद मेरे व मेरे भाई के मकान के दरवाजे की कुंडिया बाहर से बंद कर दी। शंकर ने बताया- इसके बाद कमरे में रखे सूटकेस और दोनों भाइयों की बाइक की चाबियां भी ले गए। सूटकेस में सोने का मंगलसूत्र आधा तोला, एक पायजेब जोडी, आधा किलो वजनी कनकती आदि रखे हुए थे। सूटकेस में करीब 4 लाख रुपए के जेवर रखे हुए थे। घटना का पता पत्नी के उठने के बाद चला। गेट के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद थी। इसके बाद माताजी को बुलाकर कुंडी खुलवाई। चोरी करने के बाद चोर सूटकेस और अन्य सामान को एक गली में छोड़कर भाग गए। इसी तरह इसी इसी मोहल्ले के पास रहने वाले ओंकार भील के मकान से भी चोर करीब 15 हजार रुपए चुराकर ले गए इसके अलावा स्वर्गीय जगदीश के बेटे के मकान से भी ताले तोड़े। वहां से भी चोरी हुई है। तीनों पीड़ित काफी गरीब है और इस चोरी के बाद वे काफी आर्थिक संकट में आ गए हैं। तीनों परिवार मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है।

### पौने दो साल पहले हुई चोरी का नहीं हुआ खुलासा

इसी गांव में पुलिस चौकी से करीब दो सौ मीटर दूर रहने वाले सुरेंद्र उर्फ बबलू शेर के मकान से भी सोने चांदी के करीब चार लाख रुपए के जेवर और नगदी चोरी हुई थी। उसका भी आज तक सुराग नहीं लगा है। जबकि पीड़ित पुलिस मित्र है और चोरी वाली रात को पुलिस चौकी में ही सौ रहा था।

## शहर में एक के बाद एक मंदिरों की हो रही है स्थापना खाटू श्याम और अर्धनारीश्वर के साथ सांवरिया सेठ और माता वैष्णो देवी का दरबार स्थापित हुआ

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )** नवरात्र प्रारंभ के साथ ही शहर के एजेंसी एरिया में माता वैष्णो देवी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो गई इस मंदिर की निर्माण सेवा एजेंसी एरिया गोयल परिवार की ओर से की गई है। नवरात्रि के उपलक्ष पर माता वैष्णो देवी के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मे वैष्णो देवी के भक्त मुरारी लाल ( गुड़ वाले ) ने मौजूद सभी भक्तों को माता की ज्योत के दर्शन करवाये। इस अवसर पर माता के भक्त राजीव गोयल ने भक्तों को भोजन प्रसादी के लिए आर्मंत्रित किया ।इस शुभ अवसर पर महिला भक्तों ने सर्वप्रथम कलश शोभा यात्रा निकाली तत्पश्चात विद्वान पंडितों ने विधि विधान मन्त्रोंचार के साथ माता की मूर्ति एवं पिंडो कि प्रतिष्ठा कि। इस अवसर पर सैकड़ो लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय इन दिनों देवली नगर और आसपास क्षेत्र धर्मनगरी के रूप में परिवर्तित होता चला जा रहा है। यहां एक के बाद एक देवालयों का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सवों की धूम ने शहर को धर्म नगरी कि एक नई पहचान दे दी है। उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्र पर एजेंसी एरिया स्थित नेवरबाग बालाजी मंदिर परिसर में श्रीदुर्गा माता एवं श्री वैष्णो माता का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ है। जानकारी के अनुसार माता वैष्णो कभक्त मुरारीलाल अग्रवाल, राजीव गोयल की ओर से तीन दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 19 मार्च दोपहर 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में माता दुर्गा और माता वैष्णो देवी के पिंडों मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा महाआरती और प्रसादी वितरण के साथ कि । उल्लेखनीय की देवली में हाल के पिछले दिनों सेठ कल्पेश्वर बालाजी, गणेश जी महाराज, पशुपति महादेव और भेरुजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिरों की स्थापना हुई। वहीं शहर के सांवरिया सेठ भक्तों ने कुचलवाड़ा रोड स्थित विद्युत निगम कार्यालय के सामने श्री सांवरिया सेठ मंदिर का भूमि पूजन संपन्न किया। साथ ही सैकड़ो वर्ष प्राचीन कुचलवाड़ा स्थित बीजासन माता मंदिर में भी भव्य निर्माण कार्य जारी है। जो आगे जाकर प्रदेश के प्रमुख आस्था केंद्रों में शुमार होगा। इसी के साथ हाल ही में तेजाजी कॉलोनी में अर्धनारीश्वर भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा भी हुई है ।



## विलासी लोगों से तो भगवान भी दूर भागते हैंः दिव्य मुरारी बापू



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविन्द सिंह सेठी )** शहर के गौरवपथ स्थित नगर पालिका के टीनशेड परिसर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव के दौरान महामंडलेश्वर दिव्य मुरारी बापू ने अपनी वाणी से श्रद्धालुओं को संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महामहोत्सव में भागवत महिमा का श्रवण करवाते हुए श्री शुकदेवजी का आगमन की बात करते हुए कहा कि आपका मन जहाँ बैठा है, वहीं आप बैठे हो। मन यदि विषयों में मग्न है तो हजार बार स्नान करने के बाद भी आप अपवित्र रहोगे और उस समय तक प्रभु के साथ भक्ति सम्बन्ध नहीं बाँध सकोगे। मन यदि प्रभु के चरणों में संलग्न होगा तो शरीर की हर स्थिति में आप परम पवित्र ही होगे और आपके साथ बंधे हुए भक्ति-सम्बन्ध की पूर्ति के लिये प्रभु सामने दौड़े चले आयेंगे।मन से संसार विलीन होने पर ही ब्रह्म-सम्बन्ध स्थापित होता है। ब्रह्म-सम्बन्ध में तन का नहीं अपितु मन का महत्व है। शरीर तो मेद, मज्जा, रक्त, मांस से भरा हुआ है जिसे प्रभु स्पर्श नहीं करते। श्री कृष्ण के स्मरण में जब देह का बोध समाप्त होता है और संसार विलीन हो जाता है, तभी मन प्रभु में तन्मय होता है एवं तभी प्रभु से भक्ति सम्बन्ध स्थापित होता है।

## देवली शहर में ईदुल फितर का त्यौहार मनाया हर्षोल्लास से

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )** शहर में ईदुल फ़ितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार को ईद का चांद नजर आते ही ईद की खुशियों को परवाज़ मिली। साथ ही अल फज्र से ही मुस्लिम कॉलोनीयों में ईद की रौनक देखने को मिली। तो वहीदेवली शहर में ईदुल फ़ितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर में ईद का चांद नजर आते ही ईद की खुशियों को परवाज़ मिली। अल फज्र से ही मुस्लिम मोहल्लों में ईद की रौनक देखने को मिली। तो वही शनिवार को नए परिधानो मे खुशबू से लबरेज़ हो कर मुस्लिम भाइयों का कारवां ए अमन वादी ए अमन ईदगाह मस्जिद पर पहुंचा। जहाँ जामा मस्जिद के शाही इमाम हाफ़िज़ कारी आमान रज़ा संभली ने तकरीर करते हुए कहा कि यह पर्व इम्तहान के बाद जो रिज़ल्ट आता है। उसी तरह यह अल्लाह के तरफ़ से ईद रोजो का तोहफ़ा है। उन्होंने कहा कि हमें अल्लाह और उसके रसूल सल्ल्लाहु अलैहि वसल्लम के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। और ग़रीब यतीमो बेवा, अपाहिजो एवम् वंचित तबकों की भी खूब मदद करनी चाहिए। शाही इमाम ने मोमिनों से आह्वान किया कि आप को उत्तम व्यवहार करना चाहिए चाहे वो किसी भी जाति धर्म से ही क्यों ना हो। ईदुल फ़ितर की नमाज के बाद खुतबा दिया वतन की खुशहाली विश्व कल्याण,विश्व शांति समृद्धि अमन सौहार्द्र अच्छी वर्षा हेतु खुदा से दुआएं खैर की गई। बाद दुआ के शाही इमाम ने अवाम को ईद की मुबारक पेश की और गले मिल कर इद मुबारक दी, उन्होंने उपखंड प्रशासन, पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया। सुबह से दावतों का दौर प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चला। इस दौरान मोमिन भाईयो के साथ साथ उनके गैर मुस्लिम दोस्तों ने भी ईद के विशेष लजीज व्यंजन शीर खुरमा, खीर -सिवइयां, हलीम, खुबानी का मीठा, शीर मॉल, बिरयानी का लुत्फ़ उठाया। तो वही परजमीयत उलेमा हिंद देवली जॉन 11 टोंक के सदर अख्तर उल्ला खान सचिव अब्दुल अय्यूब राजाकी मुस्तकिम अब्बासी मस्जिद सदर सलीम पठान ने बताया कि देवली की सभी मस्जिदों में ऐतिकाफ का अहेतेमाम किया गया 20 रमज़ान उल मुबारक पर सभी नौजवान साथी ओर बुजुर्ग एतिकाफ में बैठे और दुआओं का अहेतमाम किया देश में अमन और सुकून की दुआएं मांगी भाईचारा गंगा जमुना तहजेब बरकरार रहे की दुआएं मांगी दुआ में बैठे शाहरुख अब्बासी इरफान पठान रहमान अब्बासी अयान अब्बासी फिरदौस पठान अरमान पठान रिहान अब्बासी इरफान अंसारी सहित सैकड़ो मोमिनो ने एक साथ शहर की पर नमाज अदा की।



विद्यार्थी सीखेंगे अंतरिक्ष विज्ञान का व्यावहारिक ज्ञान सीखेंगें

## शाबाश बुडानियाः बनेगी आधुनिक एस्ट्रो लैब, बदलेगी विद्यालयों की तस्वीर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार की दिशा में एक बड़ी पहल के रूप में राजकीय विद्यालयों में अत्याधुनिक एस्ट्रो लैब स्थापित की जा रही हैं। जिला परिषद सवाई माधोपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) गौरव बुड़ानिया के प्रयासों से 10 लैब स्थापित की जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और शिक्षा को अधिक रोचक बनाना है। सीईओ बुड़ानिया ने बताया कि प्रथम चरण में जिले में 10 अत्याधुनिक एस्ट्रो लैब्स स्थापित की जाएंगी। इनके लिए जिला परिषद ने वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पंचायत समिति खण्डार की ग्राम पंचायत बालेर एवं पंचायत समिति बामनवास की ग्राम पंचायत खेड़ली में लैब का निर्माण कार्य पर प्रगति पर है। बुडानिया के अनुसार, “हमारा लक्ष्य है कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भी आधुनिक विज्ञान से सीधे जुड़ें और केवल किताबों तक सीमित न रहें। प्रयोग आधारित शिक्षण से वे विशिष्ट दृष्टिकोण पा सकेंगे तथा भविष्य के वैज्ञानिक, इंजीनियर और शोधकर्ता बन सकेंगे।”



### एस्ट्रो लैब की विशेषताएँ

जिले में प्रस्तावित एस्ट्रो लैब्स में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। इन लैब में आधुनिक टेलीस्कोप के माध्यम से आकाशीय पिंडों का अवलोकन हो सकेगा। इनमें सौरमंडल के मॉडल और डिजिटल डिस्प्ले, डिजिटल स्क्रीन एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से आधारित इंटरएक्टिव लर्निंग हो सकेगी। यहां अंतरिक्ष, ग्रह-नक्षत्र एवं आकाशगंगा से संबंधित चार्ट एवं सामग्री उपलब्ध होंगी। इनके माध्यम से विद्यार्थियों के लिए नियमित नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन (रात्रि आकाश अवलोकन) कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### प्रयोगात्मक शिक्षा से बढ़ेगी वैज्ञानिक सोच

एस्ट्रो लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि प्रयोगात्मक गतिविधियाँ, प्रोजेक्ट आधारित अध्ययन खगोल विज्ञान क्विज एवं विज्ञान प्रदर्शनी, विशेषज्ञों के विशेष व्याख्यान के जरिए विज्ञान को नए तरीकों से समझने का अवसर मिलेगा। सीईओ बुड़ानिया ने कहा, “यह पहल विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक सोच और अनुसंधान कौशल विकसित करेगी, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी।” इस पहल के तहत विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, इंजीनियरिंग एवं अनुसंधान के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए विशेष मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। साथ ही, शिक्षकों को भी आधुनिक तकनीकों के उपयोग हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से मार्गदर्शन कर सकें।

### “बोल सवाई माधोपुर” से मिला नवाचार को आधार

जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को गति देने की दिशा में इससे पूर्व सीईओ गौरव बुड़ानिया के मार्गदर्शन में संचालित “बोल सवाई माधोपुर” समर कैंप भी एक प्रेरणादायक पहल रहा है। इस अभियान के तहत कक्षा 6 से 12 तक के 230 विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा कौशल, संवादात्मक अभ्यास, रोल-प्ले और प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इस पहल ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संप्रेषण क्षमता एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक कौशल विकसित किए। “बोल सवाई माधोपुर” जैसे नवाचारों ने ही अब एस्ट्रो लैब जैसी उन्नत पहल के लिए मजबूत आधार तैयार किया है।

### शिक्षा में नवाचार का नया मॉडल

सीईओ गौरव बुड़ानिया का मानना है कि यह पहल न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएगी, बल्कि सरकारी विद्यालयों की छवि को भी नई दिशा देगी। उन्होंने कहा, “एस्ट्रो लैब विद्यार्थियों को नई खोजों के लिए प्रेरित करेगी और उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगी। सवाई माधोपुर जिले में शुरू की जा रही यह एस्ट्रो लैब पहल शिक्षा में नवाचार का सशक्त उदाहरण साबित होगी।

## नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष खन्ना ने दी करणी माता के दरबार में हाजिरी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर 21 मार्च ।** करणी माता के लख्खी मेंले में शनिवार को तीसरे दिन अलवर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक खन्ना द्वारा किया माता का पूजन किया गया। इस अवसर पर मेला कमेटी के संयोजक राजेश जोशी , माता के सेवक विपिन शर्मा द्वारा पटका पहनाकर खन्ना जी का स्वागत किया गया,सुभाष अग्रवाल गोटे वाले, गोरधन लाल खेमानी, अशोक सेन,विष्णु शर्मा, प्रमोद शर्मा महेश मुद्गल नरेश चौधरी ,दीपबना ,राम सिंह शेखावत, नितिन गौड, विजेंद्र अग्रवाल, लकी गुर्जर भी साथ थे। बाला किला करणी माता व्यवस्था समिति के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने बताया कि मेले में पुलिस और प्रशासन की व्यवस्थाएं पूरी तरह से सुचारू रही। अँखेपुरा थाना प्रभारी महेश तिवारी और विजय मंदिर थाना प्रभारी प्रेमलता द्वारा मेले में आए असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर अखेपुरा थाना और विजय मंदिर थाने में बंद कर दिया गया। मेला कमेटी की ओर से पुलिस और प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## भगवान परशुराम वार्षिकोत्सव को लेकर बैठक 22 मार्च को

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र के जिला कोटपूतली बहरोड़ की तहसील कोटपूतली में ब्राह्मण सभा (ब्राह्मण समाज) की आम सभा की एक अति आवश्यक बैठक 22मार्च 2026रविवार को होगी। जिसकी अध्यक्षता ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नवरतन शर्मा करेंगे।बैठक का आयोजन दोपहरः- 2.15 बजे भगवान परशुराम मन्दिर परिसर में होगा।महामंत्री वीके नवल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य रूप से प्रत्येक वर्ष की भाँति भगवान परशुराम जन्मोत्सव के वार्षिक उत्सव और मन्दिर की व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया जाएगा।उन्होंने बताया कि ब्राह्मण सभा कार्यकारिणी, नगर कार्यकारिणी व मन्दिर कमेटी के वर्तमान एवं पूर्व सभी सदस्यों को इस बैठक में आवश्यक रूप से आमंत्रित किया गया है वहीं समाज के गणमान्य बन्धुओं सहित ब्राह्मण समाज के लोगों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर बैठक को सफल बनावें। जिससे भगवान परशुराम जन्मोत्सव को कब, कैसे और किस तरह से धूम धाम व हर्षोल्लास से मनाया जाए।उन्होंने अपील की है कि मन्दिर की व्यवस्था को कैसे सुचारू रूप से चलाया जाए! इसके सम्बन्ध में समाज के लोगों से अपील है कि वे नीयत समय पर पहुँचकर अपनी-अपनी राय से समाज को अवगत करवाएं।

## गणगौर का पर्व धूमधाम से मनाया गया



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र में गणगौर का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस दौरान महिलाओं ने सज -संवरकर भगवान शिव और गोरा पार्वती की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर भक्ति भाव से दूब चंदन और विभिन्न प्रकार से माता पार्वती की पूजा सामग्री से पूजार्चना की। गणगौर राजस्थान का विशेष पर्वों में से एक है जिसे महिलाएं बड़ी भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाती हैं वहीं क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्रों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्नानादि कर सुबह के समय पूजा अर्चना के पश्चात शाम को गणगौर की शोभायात्रा निकाली जाती है ! इस दौरान घरों में गणगौर की पूजा के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन और पकवान भी बनाए जाते हैं ! इधर महिलाओं ने गणगौर की पूजा कर अपने पति की लंबी आयु और बच्चों की सुख समृद्धि के लिए भगवान शिव और पार्वती जी से प्रार्थना।

## नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन द्वारा आज 22 मार्च को सैनी धर्मशाला मेला का चौराहा राजगढ़ में सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संगठन का यह पाँचवा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर हैं। इस पहल का उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और जरुरतमंदो की मदद करना हैं और हमारा लक्ष्य लोगों को रक्तदान के महत्त्व के बारे में जागरूक करना हैं। एक यूनिट रक्त तीन लोगों का जीवन बचा सकता हैं। संगठन के सदस्य दिनेश कुमार सैनी और यादराम ने बताया की शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

## राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को वितरित की जाएंगी साईकिलें

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित सेठ चंटूलाल धन्नालाल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में राजकीय विद्यालयों में कक्षा- 9में अध्ययनरत छात्राओं को साईकिलें वितरित की जाएंगी। साईकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत होंगे। कार्यक्रम का आयोजन 22मार्च 2026रविवार को आयोजित होगा।

# लगातार मेहनत करने से लक्ष्य की प्राप्ति आसान :गुर्जर

## कबड्डी प्रतियोगिता का किया उदघाटन,प्रतिभाओं का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित राज फाउंडेशन ट्रस्ट बानसूर द्वारा आरसीआई शिक्षा हब परिसर में आयोजित ग्रामीण खेल महोत्सव के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारम्भ मुख्य अतिथि कोटपूतली बहरोड़ जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष एवं विराटनगर के पूर्व विधायक इंद्राजसिंह गुर्जर द्वारा फीता काटकर किया गया। इस इस मौके पर बोलते हुई उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जब तक कठिन मेहनत करनी चाहिए जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो। गुर्जर ने कहा इस संस्थान के निदेशक मेरे क्लासमेट रहे हैं। इन्होंने जो किसान मजदूर के बालकों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है वह काबिले तारीफ है। मुझे यह कहते हुई फ़क्र हो रहा है कि किसान मजदूर के बच्चों के लिए अच्छा शिक्षण संस्थान है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को खेल की दुनिया में अवसर दिलाने का जो प्रयास इस संस्थान द्वारा किया जा रहा है मैं इसके लिए अभिभावकों,विद्यार्थियों, संस्थान के स्टॉफ सहित निदेशक डॉ विजय कुमार यादव को धन्यवाद देता हूँ।मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया।गुर्जर ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।इस मौके पर संस्थान द्वारा अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह,चैक और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में राज फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं आरसीआई शिक्षा हब के निदेशक डॉ विजय कुमार यादव,कांग्रेस नेता मुकेश यादव, नीमराना इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष के.जी. कौशिक,पंचायत राज कर्मचारी संघ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मूलचंद गुर्जर,एडवोकेट विजय चौधरी,कांग्रेस कमेटी बानसूर के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव,महेश सोडा,एनएसयूआई के पूर्व ज़िलाध्यक्ष राकेश चौधरी,कांग्रेस एससी विभाग के ज़िलाध्यक्ष तारा पूतली,एडवोकेट शिवचरण रावत,अंजना यादव,सेवानिवृत अध्यापक ओम प्रकाशमोढा, कैप्टन भूपसिंह नेहरा,पंचायत समिति सदस्य विजय सिंह महलावत,पूर्व प्रदेश सचिव यूथ कांग्रेस राजेश बागड़ी,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रदीप यादव, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश,सरपंच करण सिंह,महेश प्रधान,रामस्वरूप मुक्कड,रणवीर डोई, दूलीचन्द सोलंकी जी, मनोज गुर्जर,वीरेन्द्र कसाना सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

## खुले कुएँ में गिरने से 14वर्षीय बालक की हुई मौत

### गाँव में शोक की लहर, छाया मातम परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव चूला में कुएं में गिरने से 14 वर्षीय बालक की मौत हो गईं।कुआँ पूजन कार्यक्रम में हुआ हादसा यह हादसा।क्षेत्र के ग्राम चूला में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें कुआँ पूजन कार्यक्रम में शामिल होने आए 14 वर्षीय बालक की खुले कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार कांजीपुरा निवासी हेमंत कुमार मेघवाल (14), पुत्र सुरेश कुमार, ग्राम चूला स्थित गूंदा सिद्ध मंदिर के पास आयोजित कुआँ पूजन कार्यक्रम में शामिल होने आया था। कार्यक्रम के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह पास ही स्थित खुले कुएं में गिर गया।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरन्त बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पर रात करीब 11 बजे रोटी बैंक की निशुल्क एंबुलेंस भी मौके पर पहुँची। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद बालक को कुएं से बाहर निकाला गया।गंभीर हालत में बालक को तत्काल ही बानसूर उप जिला अस्पताल ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर हरसौरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुँची और आवश्यक कार्रवाई की। देर रात पुलिस की मौजूदगी में शव को बानसूर मोर्चरी में रखवाया गया। शनिवार सुबह को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से खुले कुओं को ढकने और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है,जिससे भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

## पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गणगौर का पर्व, महिलाओं ने ईसर-गौर की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** उपखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में चैत्र शुक्ल तृतीया को गणगौर का पर्व बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही गली मौहल्लों में उत्सव की रौनक दिखाई दी। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के प्रेम तथा दांपत्य सुख का प्रतीक है। गणगौर पर्व मुख्य रूप से गौरा और ईशर जी, यानी भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना का प्रमुख त्योहार है। इसे उनके मिलन, प्रेम और वैवाहिक सुख का प्रतीक माना जाता है। यह 16 दिवसीय उत्सव लोकगीतों के साथ मनाया जाता है। इस दौरान विवाहित महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की, वहीं अविवाहित युवतियों ने योग्य वर की प्राप्ति के लिए व्रत और पूजा की। घरों में मिट्टी की ईशर और गौरी की प्रतिमाएं स्थापित कर उन्हें सजाया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद इन प्रतिमाओं का तालाब व कुओं में विसर्जन किया गया। इसी के साथ 3 मार्च से चल रही गणगौर की पूजा सम्पन्न हुई। वहीं कस्बे के कुण्ड मौहल्ला पर दो दिवसीय गणगौर के मेले का शुभारंभ हुआ।

## राजस्थान सरकार रोजगार बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध:शेखावत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में राजस्थान के कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा नगरपालिका परिसर में एक रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के लगभग 300 युवाओं का विभिन्न कंपनियों के लिए चयन किया गया और उन्हें मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान सरकार रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का विशेष ध्यान युवा, किसान और महिलाओं पर है, ताकि इन वर्गों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के लिए 2 करोड़ रुपए तक का बेरोजगारों को ऋण दिया जा रहा। शेखावत ने बताया कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विभाग युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके तहत 2 करोड़ रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें 25 लाख रुपए तक की सब्सिडी का प्रावधान है। शिविर में लघु उद्योगों के लिए भी ऋण प्रदान किए गए।

## 15 साल बाद भाई से मिलन हुआ

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर ने प्रभुजी हरिचरण उम्र लगभग 28 साल को उसके भाई जयदेव माझी पुत्र जगदीश माझी, निवासी गांव पुजारीगुडा, पंचायत बुर्जा, पुलिस थाना उमरकोटा जिला नबरंगपुर, उड़ीसा को सुपुर्द किया। प्रभुजी का बड़ा भाई जयदेव माझी अपने गांव के सरपंच बिरसिंह माझी, तथा गांव के दो अन्य व्यक्तियों के साथ 15 साल पहले 12 , 13 साल की उम्र में घर से निकले भाई को लेने अलवर अपनाघर पहुंचा। सरपंच बिरसिंह माझी ने बताया कि 15 साल पहले मानसिक अस्वस्थता के कारण हरिचरण लापता हो गया था जिसके खोजने के काफी असफल प्रयास किए। अलवर अपनाघर आश्रम से जब मेरे मोबाइल पर कॉल आया तो हमारी खुशी की सीमा नहीं रही। सेवा साथी इंदरलाल ने गूगल पर प्रभुजी के बताए गांव का और गांव के सरपंच के मोबाइल खोजकर परिवार से संपर्क किया था। आश्रम अध्यक्ष सतीश सारस्वत ने बताया कि हरिचरण प्रभुजी को मई 2025 में श्रम पदाधिकारी जिला गुना मध्य प्रदेश ने विमुक्त श्रमिकों को मुक्त कराते हुए अपनाघर आश्रम शिवपुरी मध्य प्रदेश में सेवा उपचार के लिए भर्ती कराया था जहां से उक्त प्रभुजी को भरतपुर अपनाघर आश्रम बझेरा भरतपुर भिजवा दिया गया तथा 9 मार्च 26 को इस प्रभुजी को अन्य चार प्रभुजी के साथ अलवर अपनाघर आश्रम स्थानांतरण कर दिया था। अलवर आश्रम ने प्रभुजी से काउंसिलिंग की जाती है, कोई भी जानकारी मिलने पर पुनर्वास के प्रयास किए जाते रहते हैं। पिछले एक सप्ताह के अंदर ही अपनाघर आश्रम अलवर 4 प्रभुजी को पुनर्वासित कर चुका है। प्रभुजी हरिचरण को आश्रम में सेवा साथी विकास व रणवीर सिंह द्वारा सुपुर्द करते हुए फोटो संलग्न है जिसमें लेने आए भाई तथा सरपंच बिरसिंह माझी सहित चारों परिजन भी हैं।

**बहरामकाबास में देर रात्रि को गाँव में दिखा तेंदुआ**

# क्षेत्र में दहशत का माहौल, ग्रामीण भयभीत माहौल में जीने को मजबूर

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव बहरामकाबास में शुक्रवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक लेपर्ड (तेंदुआ) घर के बाहर घूमता हुआ दिखाई दिया। यह पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार, देर रात लेपर्ड चुपचाप गांव की गलियों में घूमता नजर आया। सुबह जब परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज देखा तो वे दहशत में आ गए और तुरंत इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। देखते ही देखते यह वीडियो पूरे गांव में वायरल हो गया, जिससे लोगों में भय और चिंता की लकीरें बढ़ गई।ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ दिनों से गाँव के आसपास एक नहीं अनेक लेपर्ड देखे जा रहे हैं। कई बार तो दिन के समय भी खेतों और आबादी क्षेत्र के नजदीक उनकी मौजूदगी देखी गई है। इससे खासकर किसानों और पशुपालकों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि खेतों में काम करने और मवेशियों को चराने में खतरा महसूस हो रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे और महिलाएं अब अकेले घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं। शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं। इस स्थिति ने पूरे गांव में भय का माहौल बना दिया है।ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि लेपर्ड को सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए, ताकि किसी तरह की जनहानि न हो।अब देखना यह होगा कि वन विभाग कब तक इस मामले में सक्रिय होकर ग्रामीणों को राहत दिलाता है। फिलहाल गांव में लोग सतर्कता बरतते हुए अपने स्तर पर सुरक्षा के उपाय कर रहे हैं।

## पं.दीनदयाल परीक्षण महाअभियान 2026 के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन


बढ़ता राजस्थान

**खातौली (मुकेश गोस्वामी)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल खातौली द्वारा बालाजी मैरिज गार्डन सवाई माधोपुर रोड खातौली में पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण, महाअभियान 2026 के तहत कार्यशाला का आयोजन 21 मार्च शनिवार को प्रातः काल 11:00 बजे से आयोजित किया गया 1 कार्यशाला में वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास व विकास, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, कार्यपद्धति, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां व क्रियान्वयन, सोशल मीडिया, AI, नमो एप, सरल एप, बूथ प्रबंधन, मन की बात, टिफिन बैठक, आगामी कार्यक्रम, बूथ स्तरीय कार्यक्रम आदि विषयों पर वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किये गये । कार्यक्रम को जिले के प्रभारी मानसिंह बारहठ जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, जिले के वरिष्ठ जन सीताराम मीणा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सुमन, ने कार्यक्रम को संबोधित किया 1 जिला अध्यक्ष ने कहा प्रशिक्षण महा अभियान कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना और जन सेवा से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी देने का सशक्त माध्यम है । इस अवसर पर महामंत्री पुष्पचंद जाटवा, धर्म सिंह गोचर, सुरेंद्र नागर उपाध्यक्ष श्याम सोनी मंत्री महिंद्रा बैरवा, नागाराम गुर्जर, भेरूलाल मीणा, रामजीत मीना, दीपक राठौर, गोवर्धन सिंह हाडा, मोनू मीणा, रामकल्याण नागर, विजय राज सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोटा में गौ माता की दुर्दशाः नहर किनारे 40-50 गायों के शव मिलने से मचा हड़कंप, नगर निगम पर लापरवाही के आरोप

बढ़ता राजस्थान



**कोटा।** शहर में गौ संरक्षण को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शुक्रवार को डीसीएम रोड स्थित ढाढदेवी रोड नहर के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब रोड किनारे 40-50 गायें मृत अवस्था में पाई गईं। इस दर्दनाक दृश्य ने स्थानीय लोगों और गौ सेवकों को झकझोर कर रख दिया। जानकारी के अनुसार, गो सेवा टीम कोटा के सदस्य शक्ति नामक युवक ने सबसे पहले इस घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही टीम के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। बड़ी संख्या में गायों के शव एक ही स्थान पर मिलने से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया। गो सेवा टीम के सदस्यों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उद्योग नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। साथ ही प्रशासन से मांग की गई कि मृत गौ माता को सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार (मिट्टी) दिया जाए। टीम में गौ पार्षद जीतू मीणा, गौ पार्षद त्रिलोक दाकड़, रोहित मेघवाल, राजकुमार धाकड़, राजू सुमन और आशु मेघवाल सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। सभी ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इसे गंभीर लापरवाही बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बीमार या बेसहारा गायों की देखभाल की जाती, तो इतनी बड़ी संख्या में उनकी मौत नहीं होती। घटना के बाद प्रशासन पर जल्द कार्रवाई करने और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल, पूरे मामले की जांच की मांग की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इतनी बड़ी संख्या में गायों की मौत किन परिस्थितियों में हुई

## बूंदी में गणगौर की धूमः सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य, कन्याओं ने की अच्छे वर की कामना


बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध बूंदी शहर आज आस्था और लोक संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया।



पवित्र ईश्वर-गणगौर पर्व के अवसर पर सुहागिन महिलाओं और कुंवारी कन्याओं में भारी उत्साह देखा गया।

### श्रृंगार और श्रद्धा का संगम

शनिवार को सुबह से ही सुहागिन महिलाओं ने 16 श्रृंगार कर ईसर-गणगौर की विशेष पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की, वहीं कुंवारी कन्याओं ने भी मनचाहा वर पाने की कामना के साथ माता गणगौर को ध्याया।

### अनोखी परंपरा: आटे के गहनों से हुआ श्रृंगार

बूंदी की इस पूजा में एक बेहद खास और पारंपरिक पहलू देखने को मिला। यहाँ ईश्वर-गणगौर माता को आटे से विशेष रूप से तैयार किए गए गहने पहनाए गए।

हाथों से सजे इन आभूषणों से माता का मनमोहक श्रृंगार किया गया, जो हमारी लोक कला और श्रद्धा का जीवंत उदाहरण है। इस दौरान वार्ड पार्षद शांति सोनी, सीमा पलोड, संजू शर्मा, अनुराधा शर्मा , समता दाधीच, दिव्या तिवारी, रीतू, प्रिया, रीना,सुमन सहित कई महिलाओं ने बताया कि गणगौर पर सुहागिन महिलाओं के साथ-साथ कुंवारी कन्या भी अच्छे वर की कामना को लेकर पूजा करती है और व्रत रखती हैं। इस दौरान

गौर गौर गनपति, ईसर पूजे पार्वती..." के गीतों से गूंजते आंगन और हाथों में रची मेहंदी ने उत्सव के आनंद को दोगुना कर दिया।

# दो दिनों से चीता देख लोगों में डरभरी बातें कूनो नेशनल पार्क के जिम्मेदारों का कहना कि किसी को नुकसान नहीं पहुंचाएगा





बढ़ता राजस्थान

**पीपल्दा (मुकेश गोस्वामी)।** इटावा क्षेत्र में दिनांक 20 मार्च 2026 सुबह वन्य जीव चीते की मूवमेंट क्षेत्र के अयाना मैं दिखाई दी चीते को देखकर लोगों में डर भरी बातें निकल कर सामने आई, जिस पर स्थानीय प्रशासन को जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस व वनविभाग की टीम लोगों की सुरक्षा के लिए एक चीते के पीछे दौड़ भाग करती हुए नजर आ रही हैं। वहीं कूनो नेशनल पार्क से निकले एक चीते की ट्रैकिंग के लिए कूनो नेशनल पार्क के कर्मचारी भी चीते की हर मूमेंट पर नजर बनाए हुए हैं जो चीते की हर तरह की गतिविधि एवं लोकेशन को ट्रैस करके कूनो नेशनल पार्क के उच्चधिकारियों तक पहुंचा रहे हैं। और शनिवार को कूनो नेशनल पार्क के चीते की लोकेशन कालीसिंध एवं चंबलनदी संगम एवं कोटा व बूंदी जिले कि सीमा के आसपास देखी गई जिस पर रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व फोर्स के वन कर्मीयों को चीते एवं लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया, ऐसे में चीते का अलग-अलग जगह पर दिखाई देने से हर कोई जनमानस को डर लगना कोई गलत बात नहीं है। वही क्षेत्रों के खेतों की फसल कटाई सुचारू रूप से जारी है और हरी घास जैसे दिखने वाले गेहूं के खेतों में चीता विचरण करता हुआ दिखाई दे रहा है जिससे किसानों एवं मजदूरों को चीते से खतरा महसूस करना स्वभावीक बात लोगों के मन में है।

### इनका कहना

अब तक तो कूनो नेशनल पार्क के चीते ने किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है और चीता शांति तरीके से विचरण कर रहा है और स्वस्थ एवं तंदुरुस्त है और ऐतिहासिक बात है चीते ने अब तक किसी जन मानस पर कोई अटैक अब तक नहीं किया है हमारी टीम लगातार चीते के हर मूवमेंट पर नजर रखे हुए हैं चीते को पकड़ कर ले जाने की अब तक कोई प्रक्रिया नहीं है।

**नेशनल कूनो पार्क डीएफओ मध्यप्रदेश**

वन्य जीव चीता मध्यप्रदेश कूनो नेशनल पार्क से विचरण करने के लिए निकल आया है चीते की हर गतिविधि के लिए वन विभाग एवं कूनो पार्क की टीम साथ में चल रही है चीता शांति तरीके से इटावा क्षेत्र में विचरण कर रहा है यदि यह किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए उग्र होगा तो इसको पकड़ कर कूनो नेशनल पार्क भिजवाएंगे।

**उपवन संरक्षक कृष्ण अपूर्वा श्रीवास्तव, कोटा**

# प्रोजेक्ट स्पर्श का भविष्य शुभारंभ महिलाओं के स्वास्थ्य गरिमा और आत्मनिर्भरता की ओर एक सशक्त कदम

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** जेके सीमेंट निंबाहेड़ा एवं मांगरोल के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल व एचआर हेड द्वारा सामाजिक सरोकार के अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट स्पर्श का भव्य शुभारंभ होटल रॉयल पारस निंबाहेड़ा में गरिमामई वातावरण संपन्न हुआ

यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने महिलाओं के स्वास्थ्य को सू दृढ़ करने और स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मिल का पत्थर है कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक खम्मा घणी अभिवादन एवं राजस्थान दिवस के गौरवशाली उल्लेख के साथ हुई अतिथियों का स्वागत अतिथि देवो भव की भावना के अनुरूप ऊपरना पहनाकर एवं पौधा भेठ कर किया इसके पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंडल वन संरक्षक श्रीमती मृदुला सिंह




ने महिला स्वास्थ्य एवं सेनेटरी नैपकिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जेके सीमेंट की इस पहल व सी एस आर कार्यों की सराहना की जेके ग्रुप की सी एस आर प्रमुख शिल्पा जायसवाल ने प्रोजेक्ट स्पर्श के दीर्घकालिक दृष्टिकोण और सामाजिक प्रभाव को साझा किया

इस अवसर पर प्रमुख आकर्षण प्रोजेक्ट स्पर्श का आधिकारिक लॉन्च रहा जिसे ग्रीन पहाड़ी फाउंडेशन के सलाहकार नीरज पोखरियाल के नेतृत्व में एक प्रभावशाली वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया साथ ही प्रोजेक्ट की पारदर्शिता और तकनीकी सुदृढ़ता को दर्शाते हुए mis एप का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया गया स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के पहलुओं पर जोर देते हुए बीसीएमओ मैडम निम्बाहेड़ा ने सुरक्षित सेनेटरी नैपकिन निस्तारण के महत्व को रेखांकित किया वहीं पुलिस इंस्पेक्टर सुनीता गुर्जर ने मासिक धर्म से जुड़ी सामाजिक कुरीतियों को चुनौती देते हुए समाज में सकारात्मक संवाद की आवश्यकता पर बल दिया तथा पुरुषों की सहभागिता को भी आवश्यक बताया। यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने क्षेत्रीय विकास में जेके सीमेंट के योगदान को रेखांकित किया औद्योगिक एवं तकनीकी दृष्टिकोण साझा करते हुए प्रभाकर मिश्रा एचआर हेड एवं मुरलीधर लड़ा टेक्निकल हेड ने उत्पादन प्रक्रिया और सामूहिक जिम्मेदारी पर विचार व्यक्त किये कार्यक्रम के समापन पर ग्रीन पहाड़ी फाउंडेशन के सलाहकार नीरज पोखरियाल व प्रोजेक्ट मैनेजर फाउंडेशन सृष्टि कुमावत ने सभी हितधारको को सरपंच gnm छात्रों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आईटीआई अध्यापकों एवं स्वयं सहायता समूह की महिला का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में अल्पाहार के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान जेके सीमेंट के अधिकारी गन टेक्निकल हेड राजेश सोनी पीयूष आमेटा योगेश दशोरा चंद्रकांत तिवारी भुवनेश सिंह विश्वेश दसोंदी सुनील मिश्रा पवन सुखवाल गोविंद प्रजापति मांगरोल गांव के सरपंच गोपाल रूल आदि उपस्थित थे।

## बूंदीः हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद पीरजादा इमरान कादरी बने नए शहर काजी


बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )** जिले भर में शनिवार को ईदुल फितर का पर्व अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खुदा की बारगाह में हजारों सिर सजदे में झुके और मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली व कौमी एकता की दुआएं मांगी गई। इस वर्ष की ईद बूंदी शहर के लिए विशेष रही, क्योंकि शहर को पीरजादा इमरान कादरी के रूप में नया 'शहर काजी' मिला। अब से शहर काजी के सभी कार्यों का निर्वहन इमरान कादरी करेंगे, जबकि उनकी सरपरस्ती पीरजादा अब्दुल शकूर कादरी करेंगे। शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर ईद की नमाज अदा की गई। मुख्य नमाज नवल सागर ईदगाह पर नवनियुक्त शहर काजी पीरजादा इमरान कादरी ने अदा कराई। नमाज से पूर्व राजस्थान काजी कौंसिल के संरक्षक पीरजादा अब्दुल शकूर कादरी ने कौम को संबोधित किया। उन्होंने अपने भावुक संबोधन में कहाः हमें समाज के उन जरूरतमंद लोगों को ढूंढकर मदद करनी चाहिए जो अपनी मुफलिसी का जिक्र किसी से नहीं करते। साथ ही, बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाकर उन्हें मुल्क की तरक्की में भागीदार बनाना हर वालिद का फर्ज है। वहीँ, शहर काजी इमरण कादरी ने जकात और फितरे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी समाजों को मिल-जुलकर देश की खुशहाली के लिए काम करने का आह्वान किया। नमाज के बाद ईदगाह पर मुबारकबाद देने वालों का तांता लग गया। गंगा-जमुनी तहजीब का नजारा तब दिखा जब हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी।

## सुरक्षित मातृत्व अभियान में प्रदेश भर में चमका जिला, CMHO डॉ. सामर सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMS-MA) के तहत गर्भवती महिलाओं को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं देने में बूंदी जिले ने राज्य स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर अपनी उत्कृष्टता साबित की है।




**प्रमुख उपलब्धियांः** राज्य स्तरीय सम्मानः जयपुर के 'सीफू' में आयोजित समारोह में अतिरिक्त मिशन निदेशक (NHM) डॉ. टी. शुभमंगला ने बूंदी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्यअधकारी डॉ. ओ.पी. सामर और एडिशनल CMHO डॉ. कमलेश शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सफलता का आधारः बूंदी को यह पुरस्कार 'हाई रिस्क' प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान करने, शत-प्रतिशत प्रसव पूर्व जांचें (ANC) सुनिश्चित करने और लक्ष्य से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के लिए दिया गया है। विशेष अभियानः जिले में 'पिंक पखवाड़ा' और एनीमिया मुक्त राजस्थान के तहत गर्भवती महिलाओं को विशेष उपचार (FCM इंजेक्शन) उपलब्ध कराने में भी शानदार कार्य हुआ है। "यह सम्मान पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है।

## अमन-चैन की दुआओं के बीच मनाई गई ईद-उल-फितर, ब्यावर में दिखा भाईचारे का खूबसूरत नजारा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर पवित्र रमजान माह के समापन पर चांद दिखाई देने के बाद शनिवार को शहर में ईद-उल-फितर का पर्व पारंपरिक उल्लास, सादगी और भाईचारे के साथ मनाया गया। चांगचित्तार रोड स्थित बड़ी ईदगाह में मुख्य नमाज अदा की गई, जहां जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सैय्यद इरफान मोहम्मद के सानिध्य में हजारों मुस्लिम समाजजन एकत्रित हुए। नमाज के दौरान रोजेदारों ने अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए देश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। शहर की अन्य मस्जिदों और ईदगाहों में भी बड़ी संख्या में नमाज अदा की गई। इससे पूर्व रमजान के अंतिम शुक्रवार को जुम्मातुल विदा की



नमाज अदा की गई, जिसमें भी बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।

बाजारों में दिखी रौनक ईद से पूर्व शहर के बाजारों में खासा उत्साह नजर आया। कपड़े, जूते, मिठाइयों और सेवइयों की दुकानों पर देर रात तक भीड़ रही। घरों में महिलाओं ने पारंपरिक व्यंजनों की तैयारियां पूरी कीं, जिससे पूरे शहर में उत्सव का माहौल बना रहा।

नेताओं ने दी शुभकामनाएं नमाज के बाद चांगचित्तार रोड पर भाजपा और कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम समाज के लोगों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर अजय शर्मा, भारत बाघमार, आशीष पदावत, राजू ओस्तवाल, विक्रम सोनी, सोहन मेवाड़ा, बाबूलाल पवार, कल्पना भटनागर, ऋषि लाम्बा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने देश में शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारे की कामना की।

**पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने कहा-राष्ट्र प्रथम ही भाजपा की मूल भावना**

# विचारधारा से सशक्त संगठनः मंडल प्रशिक्षण शिविर का हुआ भव्य आगाज

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर महाअभियान के तहत महाराणा प्रताप मंडल, ब्यावर विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। मंडल संयोजक सत्येंद्र यादव ने बताया कि मंडल अध्यक्ष रवि चौहान की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन सत्र शनिवार शाम 4 बजे दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, भारत माता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई मंडल महामंत्री संतोष जाग्रत ने बताया कि शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा, कार्य प्रणाली और इतिहास की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बूथ प्रबंधन, संगठन विस्तार और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर




भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित राजनीतिक दल है, जिसकी मूल भावना "राष्ट्र प्रथम" है। उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद और पंच निष्ठा के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती हेतु प्रेरित किया द्वितीय सत्र में अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर ने पार्टी के इतिहास एवं विकास यात्रा पर विचार रखे, जबकि तृतीय सत्र में पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश मितल ने संगठन विस्तार के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इन्दरसिंह बागावास ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया अंत में मंडल अध्यक्ष रवि चौहान ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी वक्ताओं, प्रशिक्षणार्थियों और व्यवस्थाओं में लगे कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया शिविर में पूर्व जिलामंत्री बृजकिशोर शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष बुद्धराज शर्मा, नवल किशोर मुरारका, सुमिता बाबेल, तारा सोनी, संतोष दगदी, महेंद्र सिंह गौड़, रामेश्वर गहलोत, ममता वैष्णव, शिखा गुप्ता, मुन्नीदेवी गहलोत, रेणु दगदी, रिद्धि राजावत, जगन्नाथ यादव, दीपक चौहान, रमेश अग्रवाल, नितिन खंडेलवाल, नटवर अरोड़ा, रमेश बंसल, रमेश अरोड़ा, मनीष बंसल, शोभागमल खोरवाल, डी.के. जैन, महेंद्र चौहान, सम्पत संवासिया, राकेश नरूका, रमेश यादव, दिलीप दगदी, हरीश सांखला, अशोक भाटी, हेमंत चंदेल, तिलोक तालेपा, हेमत खत्री, रणवीर सिंह चौहान, सुरेश यादव, रविन्द्र राठौड़, चेनसिंह रावत, दिनेश दौलिया, प्रेमचन्द्र टाक, भावेश जाग्रत, जय जाग्रत, आयुष सोनी, धीरज सेन, अशोक फुलवारी, योगेश गुजर, रविन्द्र साहू, मंजू अरोड़ा, हेमसिंह रावत, दिलीप भंडारी, राजेंद्र खंडेलवाल, विजयलक्ष्मी वैष्णव, संजय जिंदल, अंजु गोयल, अशोक गोयल, जितेंद्र ठठेरा, कमल किशोर शर्मा, जावेद मंसूरी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ईद-उल-फितर पर बयाना में भाईचारे और अमन-चौन का संदेश, सामूहिक नमाज के बाद फितरा-खैरात बांटी, गले मिलकर दी मुबारकबाद

बढ़ता राजस्थान

**बयाना (अमन झालानी)।** कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को ईद उल फित्तर का पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा और आपसी सौहार्द के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर बयाना के ऐतिहासिक ईदगाह मैदान में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर सामूहिक नमाज अदा की और देश-दुनिया में अमन-चौन तथा खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज मौलाना हाफिज़ हमीद ने अदा कराई। इस दौरान उन्होंने कुरान की आयतों का वाचन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि इस्लाम इंसानियत, आपसी भाईचारे, ईमानदारी, सहयोग और परोपकार की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना, आपसी प्रेम बनाए रखना और समाज में सद्भाव फैलाना ही सच्ची इबादत है।उन्होंने यह भी कहा कि हमारी जन्मभूमि और हिंदुस्तान की पवित्र धरती ही हमारी जन्नत है, जिसकी उन्नति, खुशहाली और अमन-चौन के लिए हर व्यक्ति को मिलकर प्रयास करना चाहिए। ऐसे नेक कार्यों से अल्लाह की रहमत और बरकत प्राप्त होती है। सामूहिक नमाज में कस्बे के अलावा दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ईदगाह मैदान में नमाज के दौरान अनुशासन और शांति का माहौल बना रहा।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। सभी ने देश में सुख-समृद्धि, अमन-चौन और अच्छे दिनों की कामना की। इस अवसर पर यतीमों और जरूरतमंदों के लिए फित्तरा व खैरात भी बांटी गई, जिससे समाज में सहयोग और मानवता की भावना और मजबूत हुई। ईद के इस पावन पर्व पर मुस्लिम समुदाय के घर-घर में रौनक देखने को मिली। लोगों ने मीठी सेवइयां, खीर और अन्य पारंपरिक पकवान तैयार किए तथा परिवारजनों, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ मिलकर खुशियां साझा कीं। कई स्थानों पर विशेष दावतों का भी आयोजन किया गया, जहां लोगों ने मिल-बैठकर पर्व का आनंद लिया। मौलाना हाफिज़ हमीद द्वारा दिया गया भाईचारे, इंसानियत और देशप्रेम का संदेश पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

लोगों ने उनके संदेश की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। ईद के इस अवसर पर बयाना में प्रेम, एकता और सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली।



## भाजपा जिलाध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने लिया विकास कार्यो का जायजा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में भरतपुर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। हीरादास स्थित चौधरी मैरिज होम के पास चल रहे फ्लाई ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा निर्माण कार्यो के गुणवत्ता की जानकारी सम्बन्धित इन्जीनियर एवं कार्यरत कर्मचारियों से ली गई। तथा कार्य में गुणवत्ता बनाये रखने के दिशा निर्देश दिए। फ्लाई ओवर ब्रिज के पिलरों की टेस्टिंग का सुभारम्भ नारियल फोडकर और मिठाई वितरण कर किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा भरतपुर को ऐतिहासिक सौगात दी गई हैं। जिसके तहत पूरे शहर में विकास कार्यो की झडी लगी हुई है। शहर को आधुनिक रूप देने हेतु निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं। विकास कार्यों के एवज भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का तहे दिल से धन्यवाद देते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता एवं योगेन्द्र राजू कटारा, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी, कार्यालय सह प्रभारी वीरेन्द्र गुर्जर, जिला प्रवक्ता शेरसिंह धरसौनी एवं अनुराग तमरौली, शहर मण्डल अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री दुष्यन्त सिंह, शहर अध्यक्ष महिला मोर्चा अनामिका चौधरी, शहर उपाध्यक्ष गणपत शर्मा एवं प्रकाश शर्मा, इंजीनियर सौरभ सिंह, गौरव चरौंरा, चिरौंजा चाची सहित अनेकों भाजपा उपस्थित रहे।

## अलायंस क्लब ने किया 92 वर्षीय वैध जगदीश प्रसाद शर्मा का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** अलायंस क्लब भरतपुर प्रान्त 120एन भरतपुर द्वारा 92 वर्षीय वैध जगदीश प्रसाद शर्मा ग्राम अंधियारी हाल निवासी जवाहर नगर भरतपुर का पूर्व अलायंस इन्टरनेशनल डायरेक्टर राजेन्द्र प्रसाद शर्मा संस्थापक प्रान्तपाल, ओंकार सिंह संधु प्रान्तपाल सह प्रान्तपाल लक्ष्मी नारायन गुप्ता, हरेन्द्र कुमार शर्मा, ओमप्रकाश आजाद, गिरधारिी लाल गुप्ता ने साफा, शॉल,शाला, दुपट्टा, तुलसी माला, प्रतीक चिंह, ड्राईफ्रूट देकर सम्मानित किया। साथ ही वाणी प्रदूषण मंच से ओ.पी. अग्रवाल, राष्ट्रीय परशुराम सेना से प्रदेशाध्यक्ष श्याम सुन्दरशर्मा, प्रकाश चंद शर्मा, योगेश शर्मा सेवानिवृत महाप्रबन्धक ग्रामीण बैंक, जगदीश लवानियां, डोरीलाल शर्मा जिला पेंशनर समाज अध्यक्ष, ब्राहमण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, सतीश भारद्वाज, चन्द्रशेखर शर्मा सी.आर.एस. के ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व उप निदेशक, वैध लक्ष्मन प्रसाद शर्मा आदि ने भी साफा, दुपट्टा आदि से सम्मानित किया। अलायंस के संस्थापक ने संस्था का परिचय एवं समाज सेवा की जानकारी देते बताया कि हम वरिष्ठजनों के पास बैठकर उनके अनुभवों को साझा करते हैं। श्याम सुन्दर कटारा ने जगदीश प्रसाद का परिचय दियौ वैध लक्ष्मण प्रसाद ने उनकी जीवन चर्चा को बताया। वैध जगदीश शर्मा ने बडे रोचक व उत्साह के साथ अपने अमूल्य अनुभवों से अवगत कराते हुए कविता व चुटकले के रूप में कहा कि मुस्कराहट व पोजीटिव सोच के साथ स्वस्थ मन से जीयें।

## डॉ. गर्ग ने गले लगाकर मुस्लिम समाज के लोगों की दी ईद की मुबारकबाद



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर में शनिवार को मुस्लिम समाज के पवित्र ईद-उल-फित्तर के मौके पर ईदगाह पहुंचकर पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर मुबारकबाद दी और उनके जीवन खुशहाली बनी रहे ऐसी कामना की। विधायक डॉ. गर्ग ने ईद-उल-फित्तर की मुबारकबाद देते हुये कहा कि ईद का यह त्यौहार आत्मसंयम, सेवा और जरूरत मंदों की मदद करने की सीख देता है। उन्होंने ईद के इस पवित्र मौके पर प्रेम, शान्ति और सौहार्द बनाये रखने का आव्हान करते हुये कहा कि आपसी भाईचारा बना रहे ऐसी दुआ की।

इस दौरान उन्होंने मुस्लिम समाज के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों को गले लगाया। इस मौके पर डॉ. गर्ग का मुस्लिम समाज के लोगों ने माला-साफा पहनाकर स्वागत किया।

## वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर एवं दवाइयों का वितरण संपन्न

### युवा शक्ति यदि ठान ले तो समाज में लाया जा सकता है सकारात्मक बदलाव - अभिषेक जैन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला युवा इकाई, भरतपुर एवं गीतांजलि हॉस्पिटल, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला, खिरनी घाट, भरतपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

शिविर में जनरल फिज़ीशियन, जनरल सर्जन एवं ऑर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया तथा ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांच की गई। इस अवसर पर युवा टीम द्वारा नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया, जिससे जरूरतमंद मरीजों को विशेष राहत मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक



करना एवं नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अतुल मित्तल रहे, साथ ही शहर अध्यक्ष सत्यव्रत आर्य, योगेश सिंघल, बबीता शर्मा, मोहन मित्तल, विनोद सिंघल, महेश सिंघल, मुकेश गोयल (बृजवासी वाले), जितेन्द्र जायसवाल, ओमप्रकाश माहेश्वरी, विष्णु लोहिया, अमित खण्डेलवाल, संतोष खंडेलवाल, ओमप्रकाश सिंघल, सनत गुप्ता, गौरांग अग्रवाल, रामेन्द्र सर्राफ कपिल बंसल, राकेश गोयनका, विवेक मित्तल एवं तरुण जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष मनीष गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज सेवा ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है। आज के समय में स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण विषय बन गया है, ऐसे में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमारा प्रयास है कि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंच सकें। महामंत्री एडवोकेट अभिषेक जैन ने कहा कि युवा शक्ति यदि ठान ले तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई निरंतर ऐसे सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहित कार्य जारी रहेंगे। अंत में महामंत्री एडवोकेट अभिषेक जैन ने सभी आए अतिथियों का स्वागत-सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने गिरिराज महाराज की लगाई परिक्रमा

### राजस्थान सीमा में जल संसाधन मंत्री एवं गृह राज्यमंत्री ने किया स्वागत, लोक कलाकारों की प्रस्तुति देखकर भाव विभोर हुई राष्ट्रपति



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु नें शनिवार को गिरिराज महाराज की परिक्रमा की। उनका उत्तरप्रदेश से राजस्थान पहुंचने पर जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी श्री सुरेश सिंह रावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह डेढ़म ने स्वागत किया। राष्ट्रपति के राजस्थान सीमा में पंहुचने पर ब्रज के प्रसिद्ध मयूर लोकनृत्य कलाकारों के दल ने भव्य प्रस्तुति देकर स्वागत किया। राष्ट्रपति नें राजस्थान सीमा में प्रवेश कर पैदल परिक्रमा की तथा लोक कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से प्रफुल्लित दिखाई दी। उन्होने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया और उनके साथ फोटो खिचवायें। इस अवसर संभागीय आयुक्त श्रीमती नलिनी कठोतिया, पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई, जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल, जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ, भरतपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त कनिष्क कटारिया, सीईओ जिला परिषद मृदुलसिह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## श्री राम जन्मोत्सव 26 को, भगवान श्री राम के बाल्य स्वरूप के होंगे दर्शन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** शहर के मध्य प्राचीन मंदिर श्री राधारमण जी महाराज निकट लक्ष्मण मंदिर की प्रबन्ध कारिणी कमेटी की बैठक अध्यक्ष चन्द्रमोहन गुप्ता एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई।

मंत्री मोहन मित्तल ने बताया कि रामनवमी 26 मार्च को श्री रामलीला समिति द्वारा भगवान श्री राम जन्म महोत्सव कार्यक्रम मंदिर में करने एवं मंदिर श्री राधारमण जी महाराज के संयुक्त तत्वावधान में मनाये जाने का निर्णय लिया है। प्रबन्धकारिणी कमेटी की बेठक में कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियों पर चर्चा कर व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया। बैठक में श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक एवं कमेटी की प्रशंसा एवं धन्यवाद दिया कि उन्होंने संयुक्त रूपसे कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। श्री राम जन्मोत्सव के अवसरपर भगवान श्री राम के अति सुन्दर भव्य व अलोकिक बाल्य स्वरूप में दर्शन होंगे, मंदिर में भजन, कीर्तन की प्रस्तुति दी जावेगी। मंदिर को फूल पत्तीयों से सजाया जावेगा। भगवान श्री राम एवं घ्भगवान श्री राधारमण जी को भव्य एवं दिव्य श्रृंगार के साथ मोती जडित पोषाक को धारण कराकर श्रृंगार किया जावेगा। यह आयोजन धम्प्रनुरागी को आहुलादित करने का सुअवसर प्रदान करेगा। समापन पर ठंडाई एवं प्रसादी वितरित की जावेगी। बैठक में उपाध्यक्ष डॉ. डी.डी. गोयल, विष्णु लोहिया, विनोद सिंघल, महेश गोयल सर्राफ अर्जुन बंसल, महेशचंद सिंघल, प्रहलाद प्रसाद लोहिया, महेश गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, गोविन्द अग्रवाल, राम अवतार कोठारी, प्रहलाद गोयनका, प्रेम गोयल, प्रिंस सर्राफ केशव सिंघल सर्राफ आदि ने विचार व्यक्त किये।

## बयाना में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया गणगौर महोत्सव का पर्व, गौर-गौर गोमती ईसर पूजे पार्वती

बढ़ता राजस्थान

**बयाना (अमन झालानी)।** बयाना कस्बा और उपखंड क्षेत्र में शनिवार को गणगौर महोत्सव धार्मिक श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने सोलह श्रृंगार कर गणगौर माता की सामूहिक पूजा अर्चना की। सुहागिन महिलाओं ने पूजा कर अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं कुंवारी कन्याओं ने अच्छे वर की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद मांगा। गणगौर माता को इस अवसर पर विशेष रूप से गुणे शक्कर पारे का भोग अर्पित किया गया और व्रत की कथा भी श्रद्धा भाव से सुनी गई। इस दिन छोटी बालिकाओं और महिलाओं ने दूल्हा-दुल्हन का भेष



धारण किया, वहीं जगह-जगह ईसर गणगौर की अगवानी की गई और उनका स्वागत किया गया। मंजू देवी, अर्चना सिंघल, पुष्पा मित्तल, अनु मित्तल, लवली मित्तल आदि के अनुसार यह त्योहार होलिका दहन के दूसरे दिन से शुरू होकर 16 दिन तक चलता है। गणगौर महोत्सव चौत्र कृष्ण प्रतिपदा से लेकर चौत्र शुक्ल तृतीया तक मनाया जाता है। शीतलाष्टमी के बाद से घर-घर गणगौर और बिनौरा देने की परंपरा शुरू हो जाती है। महिलाएं इस दौरान पारंपरिक गीतों शनखराली महारी गणगौरश् और श्मार्च महीना निकलेगी गणगौरश् गाते हुए मंगल कामनाएं करती हैं। इसके साथ ही वे काजल, मेहंदी, हल्दी और सिंदूर की बिंदी लगाकर अमर सुहाग की कामना करती हैं। महिलाएं प्रतिदिन गणगौर की पूजा और श्रृंगार करती हैं और मंगल गीतों के साथ अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस प्रकार वे भारतीय संस्कृति को जीवंत रख रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने ईसर गणगौर की बिनौरी निकाली और गीतों पर नृत्य किया।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष का किया स्वागत सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** शहर कांग्रेस कार्यालय गोवर्धन मार्केट पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शाहिद खान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का जिला अध्यक्ष बनने पर का शहर कांग्रेस परिवार नें माला साफा और चित्र देकर स्वागत सम्मान किया। जिलाअध्यक्ष शाहिद खान ने सभी



का आभार व्यक्त किया और सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि भरतपुर जिले में वह कांग्रेस की रीति नीति को बढ़ाएंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर दयाचंद पचौरी शहर संगठन महामंत्री डॉक्टर लोकपाल सिंह शहर प्रवक्ता दिगंबर सिंह खटाना अभिषेक तिवारी चरण सिंह योगेश खटाना प्रतीक बुराबई मोनी सरदार सोनू सिंह बंटी राणा दीपू योगेश दिवाकर उपेंद्र चंदेल देवेश चौधरी मनीष भाडौर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक तिवारी ने किया।

## युवाओं में बढ़ रही है हाई ब्लड प्रेशर की समस्याऐं - डॉ. कप्तान सिंह

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** एक समय था, जब हमारे आसपास ब्लड प्रेशर की समस्या सिर्फ उम्रदराज लोगों में होती थी। बीपी की चिंता पेरेंट्स किया करते थे। लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। हाई ब्लड प्रेशर सिर्फ बुजुर्गों को होने वाली बीमारी नहीं रही। देश-दुनिया में 20-30 साल के युवाओं में भी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या कॉमन होती जा रही है। का शिकार हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और इंपीरियल कॉलेज लंदन की एक स्टडी कहती है कि 1990 से लेकर साल 2019 के बीच हाई ब्लड प्रेशर के केसेज दुगुने हो गए। जहां 1990 में पूरी दुनिया में तकरीबन 64.8 करोड़ लोग हाई बीपी से पीड़ित थे, वहीं साल 2019 में यह संख्या बढ़कर 1.28



अरब हो गई। उक्त जानकारी पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं वरिष्ठ फिजिशियन डा0 कप्तान सिंह ने काली बगीची स्थित अपने आवास पर इस पत्रकार को दी।

2024 में दुनिया भर में 30-79 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 1.4 अरब लोग हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) से प्रभावित थे। यानी लगभग हर दस में से करीब तीन वयस्क हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि आधे से अधिक लोगों को यह पता ही नहीं होता कि उनका बीपी बढ़ा हुआ है।

**सवाल**- युवाओं में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या क्यों बढ़ रही है? यंग एज की कौन-सी आदतें इस रिस्क को बढ़ाती हैं?

**जवाब**- डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर वह कंडीशन है, जब आर्टरीज की वॉल्स पर ब्लड फ्लो का प्रेशर लगातार सामान्य से अधिक रहता है। लंबे समय तक यह दबाव ज्यादा बना रहे तो दिल, दिमाग, किडनी और आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इसे हाइपरटेंशन भी कहा जाता है।

**सवाल**- हाई ब्लड प्रेशर क्यों होता है?

**जवाब**- ब्लड प्रेशर तब बढ़ता है, जब ब्लड वेसल्स संकरी हो जाती हैं या शरीर में फ्लूइड रिटेंशन बढ़ जाता है। इसके पीछे कई फैक्टर्स जिम्मेदार हो सकते हैं- बढ़ती उम्र जेनेटिक नेचर (जेनेटिक कारण), मोटापा, इंसुलिन रेजिस्टेंस ,ज्यादा नमक वाला खाना, धूम्रपान और शराब, हॉर्मोनल या किडनी संबंधी रोग, कुछ दवाएं (स्टेरॉयड, पेनकिलर, हॉर्मोनल दवाएं)

**सवाल**- युवाओं में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या क्यों बढ़ रही है?

**जवाब**- डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि कम उम्र में हाइपरटेंशन मुख्य रूप से अनहेल्दी लाइफस्टाइल से जुड़ा है। लंबे वर्किंग आवर्स, फास्ट फूड का ज्यादा सेवन, नींद की कमी, मेंटल स्ट्रेस और सिडेंटरी लाइफस्टाइल ब्लड वेसल्स पर दबाव बढ़ाते हैं। क्रॉनिक स्ट्रेस के कारण शरीर में कोर्टिसोल और एड्रेनलिन जैसे हॉर्मोन बढ़ते हैं, जो ब्लड प्रेशर को हाई रख सकते हैं।

**सवाल**- यंग एज की कौन-सी आदतें हाई ब्लड प्रेशर के रिस्क को बढ़ाती हैं?

**जवाब**- डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर के पीछे अक्सर हमारी रोजमर्रा की लाइफस्टाइल जिम्मेदार होती है। कुछ सामान्य लेकिन अनदेखी आदतें धीरे-धीरे ब्लड प्रेशर को बढ़ाकर हाइपरटेंशन का खतरा पैदा कर सकती हैं।

**सवाल**- अगर युवावस्था में ही हाई ब्लड प्रेशर हो जाए तो आगे चलकर किन बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है?

**जवाब**- अगर कम उम्र (20-40 साल) में ही हाई ब्लड प्रेशर हो जाए, तो आगे चलकर इन बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है-

**सवाल**- क्या हाई ब्लड प्रेशर को रिवर्स किया जा सकता है?

**जवाब**- हां, खासकर शुरुआती चरण में हाई ब्लड प्रेशर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कुछ मामलों में सामान्य स्तर पर भी लाया जा सकता है। इसके लिए लाइफस्टाइल में बदलाव बेहद जरूरी हैं।

**सवाल**- हाई ब्लड प्रेशर को नेचुरली कंट्रोल कैसे करें?

**जवाब**- इसके लिए लाइफस्टाइल में बदलाव बेहद जरूरी है। रोजाना कम-से-कम 30 मिनट व्यायाम करें। रोजाना 5 ग्राम से कम नमक खाएं ताकि शरीर में सोडियम का स्तर न बढ़े। संतुलित और हेल्दी डाइट अपनाएं। यदि वजन ज्यादा है तो उसे 5-10प्रशित तक कम करने की कोशिश करें। शराब न पिएं और धूम्रपान न करें। तनाव कम करें। स्ट्रेस कम करने के लिए मेडिटेशन करें या गहरी सांस लें। साथ ही घर पर नियमित रूप से बीपी मॉनिटर करें, ताकि बदलावों पर नजर रखी जा सके और जरूरत पड़ने पर सही कदम उठाए जा सकें।

# 'विकास' के नाम पर उजड़ी राहें

# चांग-चितार रोड पर हादसों का खुला निमंत्रण

## एक माह से खोदी सड़क बनी मुसीबत, धूल-कीचड़ से जूझ रहे राहगीर और दुकानदार

## सीवरेज कार्य में लापरवाही, न पानी का छिड़काव न मरम्मत, जिम्मेदार मौन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर के प्रमुख मार्गों में शामिल चांग-चितार रोड आज विकास कार्यों की अनदेखी और अव्यवस्था का प्रतीक बन गई है। सीवरेज लाइन बिछाने के नाम पर पिछले एक माह से सड़क को खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे यह मार्ग हादसों का कारण बनता जा रहा है। प्रतिदिन यहां से गुजरने वाले दुपहिया और चौपहिया वाहन चालक टूटी-फूटी सड़क के कारण जोखिम उठाने को मजबूर हैं स्थिति इतनी खराब है कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी सतह और फैली मिट्टी ने इसे खतरनाक बना दिया है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जानलेवा साबित हो सकता है। इसके बावजूद संबंधित सीवरेज कंपनी और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नजर नहीं आ रहा।





### धूल से घुटती सांसें, जिम्मेदार बेखबर

सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं किए जाने से दिनभर धूल का गुबार उड़ता रहता है, जिससे राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानों पर बैठना मुश्किल हो गया है और ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है यह मार्ग शहर के अन्य प्रमुख रास्तों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण लिंक रोड है, फिर भी इसकी बदहाली पर किसी का ध्यान नहीं जाना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है।

### अधूरा काम छोड़ आगे बढ़ती कंपनी, सवालों के घेरे में व्यवस्था

स्थानीय लोगों का मानना है कि सीवरेज कंपनी बिना कार्य पूरा किए ही अन्य स्थानों पर चली जाती है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। एक ओर सड़क खोदी जाती है, वहीं दूसरी ओर उसे समय पर दुरुस्त नहीं किया जाता। यह लापरवाही न केवल यातायात बाधित कर रही है, बल्कि आमजन के लिए रोजमर्रा की परेशानी का कारण बन चुकी है।

### नवगठित जिले में विकास की धीमी रफ्तार पर सवाल

ब्यावर को नवगठित जिला होने के कारण यहां विकास कार्यों में तेजी की अपेक्षा थी, लेकिन चांग-चितार रोड की स्थिति इसके विपरीत तस्वीर पेश कर रही है। जब मुख्य मार्गों की यह हालत है, तो मोहल्लों में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता पर स्वत: ही सवाल खड़े हो जाते हैं।

### कब जागेगा प्रशासन?

अब देखने वाली बात यह है कि प्रशासन और संबंधित कंपनी कब तक इस समस्या का संज्ञान लेकर सड़क को दुरुस्त करती है। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है आमजन की मांग है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत, नियमित पानी का छिड़काव और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# अखंड सौभाग्य की कामना संग गूंजे गणगौर के गीत

### रीको कॉलोनी में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक किया ईसर-गणगौर पूजन, सोलह श्रृंगार के साथ परंपरा निभाई



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अजमेर रोड स्थित रीको आवासीय कॉलोनी में एक आवास पर महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से ईशर-गणगौर पूजन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सोलह दिनों तक चलने वाला यह पर्व हंसी-ठिठोली, उमंग और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आज विधिवत पूजन के साथ सम्पन्न हुआ पूरे आयोजन के दौरान सखियां प्रतिदिन प्रात: पूजन करती रही तथा सायंकाल ईशर-गणगौर को एक-दूसरे के घर ले जाकर बिंदोरा देने की परंपरा निभाई गई। अंतिम दिन सुहागदात्री माता गौरजा का पूजन सुहाग सामग्री, ज्वारे, दूब और मैदा से बने मीठे फल अर्पित कर विधि-विधान से किया गया तथा जल अर्पण कर अखंड सौभाग्य और समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक गणगौर गीत 'पूजन दयो गणगौर भँवर म्हाने', 'गणगौरिया रे मेला', 'कठे सु आई गवरा'गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। सोलह श्रृंगार से सजी युवतियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पूजन कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की कार्यक्रम में कांता बंसल, रेनुका बंसल, शालिनी गर्ग, मधु शर्मा, मेघा जोशी, खुशी गर्ग, मातंगी गर्ग, मंजू शर्मा, दिशिता गर्ग, पलक गर्ग, नीलम गोयल सहित अनेक महिलाओं एवं युवतियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## सोनी परिवार की वधु मयूरी सोनी को गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय से मिली डॉक्टरेट की उपाधि

### मयूरी ने प्रतापगढ़ जिले में अफीम की खेती विषय पर किया विस्तृत अध्ययन

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** निम्बाहेड़ा के राधेश्याम सोनी की पौत्र वधु मयूरी पत्नी भानु सोनी को बांसवाड़ा की गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि मिली है जिससे क्षेत्र एवं सोनी परिवार का गौरव बढ़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मयूरी सोनी पिछले 5 वर्षों से प्रतापगढ़ जिले में अफीम पोस्त की खेती में लागत विषय पर शोध निर्देश डॉक्टर पवन कुमार पीलोदिया के मार्गदर्शन में विस्तृत अध्ययन एवं आगम विश्लेषण कर रही थी। उक्त विषय पर मयूरी सोनी ने अपनी विस्तृत थीसिस गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा में जमा करवाई थी जहां आज उनका 3 दिन पूर्व प्रोफेसर पेनल ने समक्ष उनका अंतिम वायवा हुआ। वायवा के उपरांत मयूरी के थीसिस को पेनल ने स्वीकार करते हुए उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की, इसके संदर्भ में आज विश्वविद्यालय द्वारा नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है एवं डॉक्टरेट सर्टिफिकेट भी सौप दिया गया है। डॉक्टरेट की उपाधि उन्हें नवंबर अथवा दिसंबर माह में होने वाले विश्वविद्यालय के कन्वोकेशन समारोह में राज्यपाल के हाथों सौंपी जाएगी। इस अवसर पर मयूरी सोनी ने कहां की उनकी हमेशा से इच्छा थी कि वे उच्च अध्ययन करे जिसमें उन्हें शादी से पूर्व उनके पीहर परिवार एवं शादी के पश्चात उनके ससुराल परिवार ने पूरा सहयोग दिया। मयूरी ने बताया कि उनके माता-पिता बद्रीलाल-डिंपल सोनी एवं दादा ससुर राधेश्याम सोनी, सास मां चंद्रकला सहित अन्य परिवारजनों ने हमेशा अध्ययन जारी रखने की प्रेरणा दी एवं उनके पति भानु ने भी हमेशा उन्हें सहयोग दिया इसी का परिणाम है कि आज वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए डॉक्टरेट की उपाधि हासिल करने में कामयाब हो सकी।

## निंबाहेड़ा ईदगाह में सजी मोहब्बत की महफ़िल

### पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों ने मनाया ईद मिलन समारोह, दिया अमन, सौहार्द्र और भाई चारे का पैग़ाम

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** ईदुल फ़ित्र के पावन एवं मुबारक अवसर पर निंबाहेड़ा स्थित ईदगाह पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से एक भव्य ईद मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गंगा-जमुनी तहज़ीब, आपसी सौहार्द्र और भाईचारे की शानदार मिसाल देखने को मिली। शनिवार सुबह ईद की विशेष नमाज़ अदा करने के पश्चात आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा एवम् चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर उन्हें ईदुल फ़ित्र की दिली मुबारकबाद और हार्दिक शुभकामनाएं पेश कीं।

# मुख्य सचिव का भीलवाड़ा दौरा

## टेक्सटाइल सेक्टर को मिलेगा नया विस्तार

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि भीलवाड़ा वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में तेजी से ग्लोबल पहचान की ओर बढ़ रहा है। 'कॉटन कस्तूरी' विषय पर आयोजित उद्यमी-निवेशक संवाद कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि जिले में स्प्रिंडल क्षमता जहां पहले लगभग 60 हजार थी, वह अब बढ़कर करीब 15 लाख हो चुकी है और भविष्य में इसे 50 लाख तक ले जाने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप रूपाहेली टेक्सटाइल पार्क विकसित किया जाएगा, जिससे उद्योगों को नई गति मिलेगी। साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, टेक्सटाइल एवं अपैरल पॉलिसी तथा 'एक जिला एक उत्पाद' जैसी योजनाएं भी उद्योगों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगी।

मुख्य सचिव ने नितिन स्पिनर्स लिमिटेड का निरीक्षण कर उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन किया और आधुनिक मशीनरी, स्वचालित तकनीक तथा गुणवत्ता नियंत्रण की सराहना की। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों से उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है। क्षेत्र में 30 हजार हेक्टेयर में कपास उत्पादन को देखते हुए उन्होंने 'कस्तूरी कॉटन' पर ग्लोबल कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का सुझाव भी दिया।

उन्होंने उद्योगों को नवाचार, ऊर्जा दक्षता और निर्यात बढ़ाने पर जोर देते हुए श्रमिकों के हित, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखने की बात कही। विधायक अशोक कोठारी ने राज्य सरकार के उद्योग हितैषी निर्णयों के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त (उद्योग एवं वाणिज्य) पी.एन. शर्मा, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव, नितिन स्पिनर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिनेश नौलखा एवं नितिन नौलखा, उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक के.के. मीणा, रीको, प्रदूषण नियंत्रण मंडल तथा डीएसओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईद के मौके पर कांग्रेसजनों ने दी मुबारकबाद

### ईदगाह के बाहर दिखा सौहार्द का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( मोहित जैन )।** केसरगंज स्थित ईदगाह के बाहर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने आमजन को ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. राजकुमार जयपाल ने कहा कि ईद का पावन पर्व हमें प्रेम, त्याग और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। यह दिन समाज में एकता, सौहार्द और सद्भाव को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने सभी शहरवासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अमन-चैन और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नसीम अख्तर इंसाफ, रामचंद्र चौधरी, गोपाल बाहेती, महेंद्र सिंह रलावता, द्रोपदी कोली, इंसाफ अली, सुनील लारा, शैलेन्द्र अग्रवाल, लक्ष्मी बुंदेल, ईश्वर टहलयानी, गजेंद्र सिंह रलावता, चंद्रशेखर बालोटिया, नितिन जैन, देशराज मेहरा, अंकित घारू, हनीश मारोठिया, अमित टांक, लक्ष्मी धोलखड़िया, हिमांशु गर्ग, अतुल माहेश्वरी, चंद्रेश सुनिया, संजीव खींची, सुमित मित्तल, उमेश शर्मा, राजीव कच्छावा, विक्की सिवासिया, हरिप्रसाद जाटव, शोएब अख्तर सहित समस्त कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# गूंजे भगवान महादेव ओर बालाजी महाराज के जयकारे, भक्तिपूर्ण माहौल में पूजा कर धर्म ध्वजा की स्थापना

### पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से होगी 8 से 14 अप्रेल तक होंगी श्री शिव महापुराण कथा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** हर तरफ गूंज थी संकटमोचन हनुमानजी महाराज ओर भोले शंकर महादेव के जयकारों की, इनके जयकारों से पूरा माहौल भक्तिपूर्ण हो गया। ये नजारा रविवार को प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से 8 से 14 अप्रेल तक होने वाली श्री शिव महापुराण कथा के लिए मंत्रोच्चार के बीच धर्म ध्वजा की पूजा एवं स्थापना के अवसर पर दिखा। श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति के तत्वावधान में कथा स्थल आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउण्ड में ध्वज स्थापना श्री हरिशेवाधाम के महामंडलेश्वर श्री हंसरामजी उदासीन महाराज के कर कमलो से श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में की गई। भूमि पूजन व ध्वज स्थापना से ध्वज पूजा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य की गई। ध्वज पूजा एवं भूमि पूजन आयोजन समिति के अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी एवं कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी के नेतृत्व में किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य अनुष्ठान कर सभी देवताओं से कथा आयोजन को सफल बनाने के लिए आशीर्वाद प्रदान करने का आह्वान किया गया। हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। ध्वज पूजा के बाद अभिजीत मुर्हुत में श्री हरिशेवाधाम के महामंडलेश्वर श्री हंसरामजी उदासीन एवं महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में भूमि पूजन कर विधिवत रूप से धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। कोटडी के गोभक्त संत लालदासजी महाराज का भी सानिध्य मिला। हनुमानजी महाराज के जयकारे गूंजते रहे। ध्वज पूजा एवं स्थापना में मंत्रोच्चार पंडित अशोक व्यास के नेतृत्व किया गया। पूजन कराने वालों में पंडित देवेन्द्र शास्त्री,, ऋषि शास्त्री, हिमांशु शास्त्री, राजेंद्र शास्त्री, अविश शास्त्री शामिल थे।

## पानी को लेकर फूटा जनाक्रोश, सोमवार को पीएचईडी कार्यालय का घेराव

### 'बीसलपुर बांध भरा, फिर भी प्यासा ब्यावर' कांग्रेस का प्रशासन पर सीधा हमला

### गंदे पानी और अनियमित सप्लाई से जनता परेशान, स्वास्थ्य संकट की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर में गहराते पेयजल संकट, अनियमित जलापूर्ति और जलदाय विभाग (पीएचईडी) की कथित लापरवाही के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावर ने सोमवार, 23 मार्च को जन आक्रोश प्रदर्शन और घेराव का ऐलान किया है। यह प्रदर्शन प्रात: 11.00 बजे अजमेर रोड स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पर आयोजित किया जाएगा।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बीसलपुर बांध लबालब भरा होने के बावजूद ब्यावर की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है, जो प्रशासन की नाकामी और दोगली कार्यप्रणाली को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय नेतृत्व और जिम्मेदार अधिकारी इस संसाधन का लाभ आमजन तक पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शहर के कई वार्डों में हफ्तों तक जलापूर्ति नहीं होती, और जहां पानी आता भी है, वह गंदा, दूषित और बदबूदार होता है। पुरानी पाइपलाइनों के कारण सीवरेज का पानी पेयजल में मिल रहा है, जिससे गंभीर बीमारियों और महामारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। यह स्थिति सीधे तौर पर जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

### ऐतिहासिक घेराव की चेतावनी

अजय शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन से आह्वान किया है कि वे अपने हक और स्वच्छ पेयजल के अधिकार के लिए एकजुट होकर 23 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और प्रशासन को उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराएं उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल विरोध नहीं, बल्कि जनता के आत्मसम्मान और जीवन के मूलभूत अधिकार की लड़ाई है।

## श्रमण संघीय महासाध्वी विजय प्रभा म.सा. सहित 6 साध्वियों का हुआ कपासन में मंगल प्रवेश



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** श्रमण संघीय महासाध्वी विजय प्रभा म.सा. सहित 6 साध्वियों द्वारा नगर में शनिवार को मंगल प्रवेश किया गया ।साथ ही श्रावक-श्राविकाओं द्वारा साध्वियों की अगवानी की गयी। जानकारी अनुसार श्रमण संघीय महासाध्वी उपप्रवर्तिनी विजय प्रभा म.सा.,मधुर भाषी विद्या श्री म.सा.,प्रवचन प्रभाविका ऐषणा श्री म.सा.,हर्ष श्री म.सा.,आर्या श्री म.सा.,नव दीक्षिता जय श्री म.सा. आदि ठाणा 6 शनिवार प्रात: 6 बजे क्षैत्र के ग्राम गिलुंड से विहार कर 10.30 बजे कपासन नगर में मंगल प्रवेश कर आर्दश कालोनी में निर्मल सांवला के आवास पर प्रवास किया गया। इस दौरान श्रमण संघ अध्यक्ष कपासन सूर्यप्रकाश सिरोया एवं आशीष आंचलिया ग्राम धमाणा से आगे पहुंचकर महासाध्वीयो की अगवानी कर पैदल कपासन पहुंचे ।साथ ही मार्ग में रूपलाल डांगी,राहुल हिंगड़,शंकरलाल लोढा,अशोक बापना,राजेश खाब्या,प्रियांश बाघमार सहित महिला मण्डल सदस्यों द्वारा महासाध्वियों की नगर प्रवेश दौरान अगवानी की गयी ।यहां श्रमण संघीय महासाध्वी उपप्रवर्तिनी विजय प्रभा म.सा. एवं अन्य साध्वियों द्वारा सोमवार को नगर कपासन के समीप स्थित गौराजी का निंबाहेड़ा की ओर विहार किया जायेगा।

## वर्षा शर्मा को मिलेगा राजस्थान समरसता गौरव अवार्ड

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (नि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा 30 मार्च को राजस्थान स्थापना दिवस पर जयपुर में समृद्ध सांस्कृतिक सम्मेलन एवं विचार प्रस्तुति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 25 देशों के राष्ट्रध्वजों के सानिध्य में आयोजित होगा। एडवोकेट डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर झालरापाटन, निवासी श्रीमती वर्षा शर्मा को 'राजस्थान समरसता गौरव अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। वर्षा शर्मा प्रखर वक्ता, समाजसेवी होने के साथ एक सफल नेत्री है। इन्होंने राष्ट्रीय मुद्दों में जनहित,देश हित में सोशल मीडिया पर अपनी विचार धारा को प्रकट किया है।

## एससी बोला-पुलिसकर्मियों का आरोपियों के फोटो-वीडियो अपलोड करना चिंताजनक

**यह निष्पक्ष सुनवाई के लिए खतरा, इससे आरोपी की इमेज खराब होती है**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मोबाइल से शूट वीडियो-फोटो को तुरंत सोशल मीडिया पर अपलोड करने के ट्रेंड पर कड़ी चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा- इससे निष्पक्ष सुनवाई प्रभावित होती है और आरोपियों के खिलाफ पहले ही माहौल बन जाता है।

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने शुक्रवार को एक याचिका पर सुनवाई की। इसमें कहा गया है कि पुलिस आरोपियों के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर डालकर लोगों के मन में पूर्वाग्रह पैदा कर रही है। याचिका हेमेंद्र पटेल ने दायर की है। याचिकाकर्ता ने कहा कि पुलिस आरोपियों की हथकड़ी लगी, रस्सियों से बंधी या अपमानजनक स्थिति वाली तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाल रही है। इससे व्यक्ति की गरिमा को ठेस पहुंचती है और जनता में पूर्वाग्रह बनता है।कोर्ट ने इस पर सहमति जताते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय माना है।

### याचिकाकर्ता ने कहा- हर कोई खुद को मीडिया समझने लगा है

याचिकाकर्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले भी राज्यों को पुलिस मीडिया ब्रीफिंग के लिए गाइडलाइन बनाने को कहा जा चुका है, जिसमें सोशल मीडिया पोस्ट भी शामिल होंगे। आज हर मोबाइल फोन रखने वाला व्यक्ति खुद को मीडिया समझने लगा है।

## राजस्थान में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बढ़ाई गई

**होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों समेत अन्य सेक्टर के लोगों को उपलब्ध होगी गैस**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** रसोई गैस की किल्लत के कारण परेशान होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों समेत अन्य वर्ग के लिए राहत की खबर है। केन्द्र सरकार ने राजस्थान समेत देश के तमाम राज्यों में इस वर्ग के लिए एलपीजी गैस के आवंटित कोटे में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की है। औद्योगिक ईकाइयों और बड़े वाणिज्यिक संस्थाओं को भी एलपीजी लेने के लिए तेल कंपनियों के यहां रजिस्ट्रेशन करवाने और अपनी खपत का डेटाबेस शेयर करने के लिए कहा है। दरअसल, ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध के बीच गैस, तेल की आपूर्ति खाड़ी देशों से बंद हो गई, जिसके सर्वाधिक असर रसोई गैस पर रहा। तेल कंपनियों ने कम एलपीजी होने की स्थिति को देखते हुए कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर की बिक्री को सीमित करते हुए घरेलु आपूर्ति को सामान्य रखा। कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने से रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, डेयरी समेत बड़ी औद्योगिक ईकाइयों पर इसका प्रभाव दिखने लगा। ऐसे में अब जब धीरे-धीरे देश में गैस का उत्पादन बढ़ रहा है। आपूर्ति शुरू हो रही है तो केन्द्र सरकार ने राज्यों की गैस आपूर्ति के कोटे में 20 फीसदी (निर्धारित आपूर्ति के अतिरिक्त) बढ़ा दी है।

## ममता बोलीं : मोदी सबसे बड़े घुसपैठिए

**बंगाल में अघोषित राष्ट्रपति शासन लगाया; केरल सीएम ने राहुल और कांग्रेस को बीजेपी की बी टीम बताया**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/गुवाहाटी/कोलकाता/तिरुवनंतपुरम/चेन्नई/विजयवाड़ा।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी को सबसे बड़ा घुसपैठिया बताया। उन्होंने कहा- जब आप विदेश जाते हैं तो नेताओं से हाथ मिलाते हैं और दोस्ती की बात करते हैं। लेकिन जब आप भारत लौटते हैं तो अचानक हिंदू-मुस्लिम नैरेटिव शुरू हो जाता है और लोगों को घुसपैठिया कहा जाता है।

कोलकाता की रेड रोड पर ईद की नमाज के बाद नमाजियों को संबोधित करते हुए ऊश्ख्ट सुप्रीमो ने कहा, फिर आप नाम हटाने और लोगों को घुसपैठिया बताने की बात करते हैं। मैं कहूंगी, आप बड़े घुसपैठिए हैं। उन्होंने कहा, आपने हमारी सरकार पर कब्जा कर लिया है और अनऑफिशियल प्रेसिडेंट रूल लगा दिया है। लेकिन हम डरेंगे नहीं। जो लोग बंगाल को निशाना बना रहे हैं और लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें जहन्नुम में जाना चाहिए। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वे बीजेपी की 'बी-टीम' की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बात समझने में दिक्कत होती है।

## जयपुर में सीएम मोहन यादव बोले

# राजस्थान और मध्यप्रदेश भाई-भाई

**दोनों राज्यों के बीच सहयोग से विकास की नई संभावनाएं खुल सकती हैं**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजस्थान और मध्यप्रदेश के रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा- राजस्थान और मध्यप्रदेश भाई-भाई हैं। दोनों राज्यों के बीच सहयोग से विकास की नई संभावनाएं खुल सकती हैं।

मुख्यमंत्री यादव ने बताया- पार्वती, कालीसिंध और चंबल रिवर लिंक प्रोजेक्ट दोनों राज्यों के साझा विकास की महत्वपूर्ण परियोजना है। इससे जल प्रबंधन, कृषि और औद्योगिक विकास को बड़ा लाभ मिलेगा।

निवेश केवल पूंजी का आगमन नहीं है, बल्कि इससे रोजगार सृजन, कौशल विकास और तकनीकी साझेदारी को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने दावा किया कि मध्यप्रदेश अब स्पष्ट नीतियों, तेज निर्णय प्रक्रिया और मजबूत प्रशासन के कारण निवेश के लिए आकर्षक केंद्र बन चुका है।

जयपुर में मध्यप्रदेश सरकार का इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट रोड शो आयोजित किया गया, जिसमें मोहन यादव ने उद्योग जगत के सामने राज्य की निवेश नीतियों, प्रोत्साहन योजनाओं और औद्योगिक संभावनाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन ड्ढ्ढ्रष्ट राजपूताना में किया गया।

2026 को कृषि वर्ष मनाने की घोषणा यादव ने साल 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य खेती को उद्योग से जोड़ना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, वेयरहाउसिंग, कोल्ड चेन



और एग्री-लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं।

कार्यक्रम में उन्होंने भजन लाल शर्मा की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि दोनों राज्य मिलकर विकास की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। रोड शो के दौरान उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकें भी आयोजित की गई, जिनमें निवेशकों को नई औद्योगिक नीति, प्रोत्साहन पैकेज, भूमि उपलब्धता और लॉजिस्टिक नेटवर्क की जानकारी दी गई। कई उद्योग समूहों ने संभावित परियोजनाओं को लेकर सरकार के साथ प्रारंभिक चर्चा भी की।

## एयरलाइंस बढ़ा सकती हैं हवाई किराया

**बोलीं- मजबूरन लेना पड़ेगा फैसला, एक्स्ट्रा-चार्ज ना लेने के सरकार के निर्देश का विरोध कर रहीं**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** इंडिगो, एअर इंडिया और स्पाइस जेट ने फ्लाइट्स की 60% सीटों पर एक्स्ट्रा चार्ज न वसूलने के सरकार के फैसले विरोध किया है। एयरलाइंस का कहना है कि इस कदम से उन्हें अपनी खोई हुई कमाई की भरपाई के लिए हवाई किराया बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ेगा। तीनों एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करने वाली फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस ने सिविल एविएशन मिनिस्ट्री से इस फैसले को वापस लेने का आग्रह किया है।

इस निर्देश से एयरलाइंस की वित्तीय स्थिति काफी प्रभावित होगी। इसके परिणामस्वरूप सभी यात्रियों को, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं, जो शायद पहले से सीटें नहीं चुनना चाहते, उन्हें भी अधिक किराया देना पड़ेगा।

दरअसल, एविएशन मिनिस्ट्री ने बुधवार को भारत में हवाई यात्रा को ज्यादा सुविधाजनक बनाने के लिए नए नियम जारी किए थे। नए आदेश के मुताबिक एयरलाइंस की हर फ्लाइट में कम से कम 60% सीटें बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के बुक होंगी।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने गिरिराज महाराज की लगाई परिक्रमा

**राजस्थान सीमा में जल संसाधन मंत्री एवं गृह राज्यमंत्री ने किया स्वागत**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु नें शनिवार को गिरिराज महाराज की परिक्रमा की। उनका उत्तरप्रदेश से राजस्थान पहुंचने पर जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी श्री सुरेश सिंह रावत, गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह डेढ़म ने स्वागत किया। राष्ट्रपति के राजस्थान सीमा में पंहुचने पर ब्रज के प्रसिद्ध मयूर लोकनृत्य कलाकारों के दल ने भव्य प्रस्तुति देकर स्वागत किया। राष्ट्रपति नें राजस्थान सीमा में प्रवेश कर पैदल परिक्रमा की तथा लोक कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से प्रफुल्लित दिखाई दी।

उन्होने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया और उनके साथ फोटो खिचवायें। इस अवसर संभागीय आयुक्त श्रीमती नलिनी कठोतिया, पुलिस महानिरीक्षक श्री कैलाश चंद्र विश्नोई, जिला कलक्टर डीग श्री उत्सव कौशल, जिला



पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ, भरतपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त कनिष्क कटारिया, सीईओ जिला परिषद मृदुलसिह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राहुल बोले- तेल की कीमतें बढ़ना महंगाई का संकेत

**कहा- सरकार भले ही इसे नॉर्मल बताए, लेकिन रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे**

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने डॉलर के मुकाबले रुपए के गिरने और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमत बढ़ने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने ट्वीटर पोस्ट में लिखा, 'रुपए का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी, ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं।' उन्होंने लिखा कि सरकार चाहे इसे नॉर्मल बताए, लेकिन हकीकत ये है कि उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे, एमएसएमई को सबसे ज्यादा चोट लगेगी, रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे।

### राहुल बोले- शेयर बाजार पर दबाव बढ़ेगा

राहुल ने लिखा किविदेशी संस्थागत निवेशक का पैसा और तेजी से बाहर जाएगा, जिससे शेयर बाजार पर दबाव बढ़ेगा। यानी हर परिवार की जेब पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ना तय है। उन्होंने लिखा है कि सवाल यह नहीं कि सरकार क्या कह रही है, सवाल यह है कि आपकी थाली में क्या बचा है।

### 20 मार्च- प्रीमियम पेट्रोल के दाम बढ़े

सरकारी तेल कंपनियों ने स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09-2.35 प्रति लीटर तक बढ़ाईं। एमपी के भोपाल में इसकी कीमत बढ़कर करीब 117 पहुंची है। हालांकि सामान्य पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं किया गया।

भारत पेट्रोलियम यानी बीपीसीएल प्रीमियम पेट्रोल को स्पीड नाम से बेचता है। वहीं हिंदुस्तान पेट्रोलियम यानी एचपीसीएल इसे पावर और इंडियन ऑइल यानी आईओसीएल एक्सपी 95 के नाम से इसे बेचता है। ये सामान्य पेट्रोल के मुकाबले करीब 10-12 रुपए महंगा होता है। इंडियन ऑयल ने अपने इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमत में भी 25% की बढ़ोतरी की गई। इसके दाम 87.67 प्रति लीटर से बढ़कर अब 109.59 प्रति लीटर हो गए। औद्योगिक डीजल के खरीदारों में रेलवे, रोडवेज बसें, बड़ी फैक्ट्रियां, अस्पताल और बड़े मॉल शामिल हैं। तेल कंपनियां ये डीजल टैंकरों के जरिए सीधे इन संस्थानों के निजी स्टोरेज टैंकों में भेजती हैं।

## नरवणे बोले- अब केवल फिक्शन लिखूंगा : उपन्यास द कंटेनमेंट कॉन्सपिरेसी में एनडीए से निकले युवा अफसरों की कहानी; विवादित मेमोयर पर टिप्पणी नहीं की

बढ़ता राजस्थान

**पुणे।** पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा कि वह अब सिर्फ फिक्शन लिखने पर फोकस कर रहे हैं। उन्होंने कहा- मैं पहले भी आर्मी रिपोर्ट्स और अकादमिक जर्नल्स के लिए लिखता रहा हूं, अब मैं सिर्फ फिक्शन लिख रहा हूं।

पुणे में अपने उपन्यास 'द कंटेनमेंट कॉन्सपिरेसी:ए मिलिट्री थ्रिलर' के बुक-साइनिंग इवेंट के दौरान शुक्रवार को नरवणे ने ्हद्ध से बात की थी। उन्होंने कहा कि मेरी एक शॉर्ट स्टोरी मैगजीन फेमिना में भी छप चुकी है।

उन्होंने कहा कि मेरा पहला उपन्यास पेंग्विन हाउस इंडिया ने पब्लिश किया है। इसकी कहानी एनडीए से निकले दो युवा अफसरों के इर्द-गिर्द घूमती है। नरवणे ने अपने अनपब्लिशड मेमोयर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' पर किसी तरह की टिप्पणी नहीं की।

दरअसल, बजट सत्र पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान





लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मेमोयर के आर्टिकल को कोट किया था। जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ था।

### नवरणे बोले- मेमोयर लिखने का कोई इरादा नहीं था

नरवणे ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनका मेमोयर लिखने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने बताया कि बिपिन रावत पर एक किताब के लॉन्च में पब्लिशर से मजाक में बात हुई, जिसके बाद उन्हें किताब लिखने का ऑफर मिला और यहीं से यह सफर शुरू हुआ।

### नरवणे के मेमोयर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' पर सियासी घमासान

लोकसभा में 2-3 फरवरी को राहुल गांधी ने एक मैगजीन में छपे आर्टिकल को पढ़ने की कोशिश की थी। उन्होंने दावा किया था कि इसमें नरवणे की बुक के अंश हैं। स्पीकर ओम बिरला ने इसकी इजाजत नहीं दी। इसके बाद लोकसभा में हंगामा हो गया था, जिससे कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी। हंगामा करने वाले आठ सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया था। राहुल का दावा था कि आर्टिकल नरवणे के मेमोयर फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी का है। इसमें 2020 के भारत-चीन सीमा विवाद में सरकार की नीति पर सवाल उठाए गए हैं। राहुल ने आरोप लगाया था कि सरकार की प्रतिक्रिया में देरी हुई और बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने फैसले का जिम्मा नरवणे पर छोड़ दिया था। हालांकि ये मेमोयर अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ है.

## पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियन से की बात, ईद और नवरोज पर दी मुबारकबाद



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका-इजरायल और ईरान सैन्य संघर्ष के 22वें दिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद और नवरोज के मुबारक मौके पर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए इसकी जानकारी दी। पीएम मोदी ने लिखा, ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बात की और उन्हें ईद और नवरोज की बधाई दी। हमने उम्मीद जताई कि ये मुबारक मौका पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लेकर आए।

### पीएम मोदी ने जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों की निंदा की

उन्होंने आगे कहा कि इस इलाके में जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों की निंदा की, जो इलाके की स्थिरता के लिए खतरा हैं और ग्लोबल सप्लाई चेन में रुकावट डालते हैं। बातचीत में हमने नेविगेशन सुरक्षित रखने और यह पक्का करने की अहमियत दोहराई कि समुद्री रास्ते (जहाजों के रास्ते) सुरक्षित और खुले रहने चाहिए।

# पहाड़ का पानी-जवानी यहीं के काम आनी चाहिए : राजनाथ

## उत्तराखंड के सीएम साधारण नहीं धुरंधर; धामी ने रक्षा मंत्री को बताया अजातशत्रु

बढ़ता राजस्थान

**हल्द्वानी (एजेंसी)।** हल्द्वानी में धामी सरकार के 4 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने नहीं सोचा था कि उत्तराखंड इतनी तेजी से विकसित होगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ का पानी और जवानी अब यहीं के काम आनी चाहिए।

रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तारीफ करते हुए कहा कि वह साधारण नहीं, बल्कि धुरंधर हैं। उन्होंने कहा कि धामी के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई रफ्तार पकड़ी है और लगातार आगे बढ़ रहा है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में रक्षा मंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें अजातशत्रु बताया। उन्होंने कहा कि उनका अनुभव और मार्गदर्शन प्रदेश के लिए हमेशा महत्वपूर्ण रहा है और उनकी मौजूदगी से कार्यक्रम में नई ऊर्जा आई है। कार्यक्रम में राजनाथ सिंह को सुनने के लिए करीब 15 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे थे, जिन्हें संबोधित करने के बाद रक्षा मंत्री अब पंतनगर एयरपोर्ट की ओर रवाना हो गए और फिर यहीं से वह दिल्ली के लिए निकल गए।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान की 5 बड़ी बातें...

**सोचा नहीं था इतनी तेजी से बढ़ेगा उत्तराखंड:** राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी ने कल्पना नहीं की थी कि सीमित संसाधनों और नए राज्य होने के बावजूद उत्तराखंड इतनी तेजी से विकास करेगा। उन्होंने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि वह खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, इसलिए विकास की गति को समझते हैं और उत्तराखंड की प्रगति असाधारण है।

**धुरंधर धामी के नेतृत्व की खुलकर सराहना:** उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तारीफ करते हुए कहा कि वह साधारण नहीं, बल्कि धुरंधर नेता हैं। उन्होंने कहा कि धामी के नेतृत्व में राज्य ने नई रफ्तार पकड़ी है और विकास के कई अहम काम जमीन पर दिख रहे हैं।

**चार साल में चौका, छह साल में छक्का:** राजनाथ सिंह ने कहा कि धामी ने अपने चार वर्षों के कार्यकाल में 'चौका' मार दिया है। उन्होंने भरोसा जताया कि जब छह वर्ष पूरे होंगे, तो वह 'छक्का' लगाने में भी सफल होंगे और राज्य को और आगे ले जाएंगे।

**एक तिहाई बहुमत से फिर सरकार:** उन्होंने कहा कि जिस तरह जनता का समर्थन मिल रहा है, उससे साफ है कि आने वाले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एक तिहाई बहुमत के साथ फिर से सरकार बनाएगी और विकास की रफ्तार जारी रहेगी।

**देवभूमि, तपोभूमि और देश को दिशा देने वाला प्रदेश:** राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तराखंड केवल एक राज्य नहीं, बल्कि देवभूमि और तपोभूमि है। यहां की आस्था, अध्यात्म और संस्कृति पूरे देश को दिशा देती है और यह प्रदेश आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ विकास में भी अहम भूमिका निभा रहा है।



### आत्मनिर्भर रक्षा, दुनिया में बढ़ा मान

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है और जो हथियार पहले विदेशों से मंगाए जाते थे, अब वे देश में ही तैयार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा विश्व स्तर पर बढ़ी है और आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात को गंभीरता से सुना जाता है। उन्होंने सेना, वैज्ञानिकों और देशवासियों पर गर्व जताते हुए कहा कि सभी के सहयोग से एक मजबूत और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है और अपने संबोधन का समापन 'जय हिंद' के साथ किया।

### सर्जिकल स्ट्राइक-एयर स्ट्राइक से बदला भारत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरा देश जानता है कि जब-जब देश की सीमाओं पर किसी ने नजर उठाई है, हमारे सेना के जवानों ने उसे मुँहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिए दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि भारत अब बदल चुका है। यह नया भारत है, जो अपनी सीमाओं की रक्षा करना भी जानता है और जरूरत पड़ने पर दुश्मन को उसके घर में घुसकर जवाब देने की क्षमता भी रखता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंट सॉल्यूशंस, बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित तथा बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादकः तनुजा पठान* । प्रधान संपादकः राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888) । प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल, फोनः 0141-2796794, 2796795 । ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)